DELHI CRIME 14 oct 2022:Layout 1 10/13/2022 8:25 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

वर्ष-01 | शुक्रवार 14 अक्टूबर 2022 | पीडीएफ अंक-175 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

**मौसम**

अधिकतम –30 सूर्योदय – 6 : 21
न्यूनतम – 20 सूर्यास्त – 5 : 52

**सोना चांदी**

सोना – 52560.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 63000.00 किलो

**अर्थसार**

सैंसेक्स –57235.33 निफ्टी – 17014.35
रु/यूएस डॉलर – 82.46 रु/यूरो – 80.19

# प्रधानमंत्री ने बल्क ड्रग पार्क का शिलान्यास और आईआईआईटी का किया उदघाटन

**– मुख्यमंत्री ने कहा-हिमाचल ने निवेश आकर्षित करने में देश के कई बड़े राज्यों को राह दिखाई**




**ऊना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऊना में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी और 128 करोड़ रुपये के भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने ऊना रेलवे स्टेशन से अंब अंदौरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बों का निरीक्षण किया और विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने इंजन के कंट्रोल सेंटर और ऊना रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे। देश की इस चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस से हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा देने मिलेगा तथा लोगों का सफर आरामदायक और तेज होगा। इससे ऊना से नई दिल्ली के लिए यात्रा का समय दो घंटे कम हो जाएगा। इसके बाद ऊना के इंदिरा गांधी स्टेडियम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निवेश एवं औद्योगिकीकरण की दिशा में हिमाचल के लिए आज बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि ऊना की उनकी इस यात्रा का मुख्य ध्येय कनेक्टिविटी और शिक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि देश के दूसरे बल्क ड्रग पार्क का ऊना में शिलान्यास हो रहा है। इसके अलावा कई अन्य परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास हो रहे हैं, जिससे हिमाचल प्रदेश के विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश के तीन राज्यों में बन रहे बल्क ड्रग पार्कों में हिमाचल का चयन करना, केंद्र सरकार का एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह निर्णय केंद्र सरकार के हिमाचल के प्रति स्नेह और समर्पण का परिणाम है। इसी तरह वंदे भारत एक्सप्रेस को हिमाचल प्रदेश में लाने का निर्णय भी केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को दी जाने वाली प्राथमिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के अधिकांश क्षेत्रों की पिछली पीढ़ियों ने शायद ट्रेन भी नहीं देखी थी और आज हिमाचल को देश की सबसे उन्नत ट्रेनों में से एक ट्रेन मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार हिमाचल के विकास और जनकल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और केंद्र की पिछली सरकारों ने प्रदेश के नागरिकों की जरुरतों और आकांक्षाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस कारण प्रदेशवासियों और विशेषकर, माताओं-बहनों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय बदल गया है और वर्तमान सरकार न केवल लोगों की जरुरतों को पूरा करने के लिए

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धुबरी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल का किया उद्घाटन




**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित एक समारोह से धुबरी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल का वर्चुअली उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने परम कामरूप सुपरकंप्यूटिंग सुविधा और हाई पावर एक्टिव एंड पैसिव कंपोनेंट लेबोरेटरी समीर आईआईटी गुवाहाटी को समर्पित की। इसके अलावा असम के डिब्रूगढ़ और मध्य प्रदेश के जबलपुर में राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान के क्षेत्रीय संस्थानों का भी उद्घाटन किया। धुबरी में 108 बीघा जमीन पर बना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल 15 नवंबर से एमबीबीएस कोर्स शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस मेडिकल कॉलेज में कुल 100 विद्यार्थी पहले बैच में शिक्षा प्राप्त करेंगे। धुबरी मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन होने के साथ ही अब राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू दो दिवसीय असम के दौरे पर आज दोपहर बाद सीधे आईआईटी गुवाहाटी पहुंची। शाम को गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के सभागार में उनका नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। आईआईटी के समारोह में मुख्यमंत्री राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी, डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती पवार, असम सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री केशव महंत समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## गांव, गरीब और किसान को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है सरकार : तोमर



**नई दिल्ली/पुणे।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार गांव,गरीब और किसान को आगे बढ़ाने और उनका जीवन बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री तोमर ने गुरुवार को पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की साख दुनिया के राजनीतिक मंच पर बढ़ाने, मेक इन इंडिया के विस्तार, विरासत को सहेजने व भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी लगातार प्रयत्नशील हैं। पीएम के नेतृत्व में गरीबों को मुख्य धारा में लाने, गैर-बराबरी समाप्त करने की दिशा में योजनाबद्ध ढंग से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। तोमर ने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसानों की आमदनी दोगुनी होना चाहिए। इस दिशा में केंद्र व राज्य सरकारों के साथ ही एफपीओ ओर कृषि से सम्बद्ध अन्य सभी संगठनों ने मिल-जुलकर काम किया, जिसका लाभ आज देश के किसानों को मिल रहा है। लाखों किसानों की आय दोगुनी से आगे बढ़कर पांच से दस गुना तक भी हुई है। तोमर ने कहा कि देश में 86 फीसदी छोटे किसान हैं, जिनकी ताकत बढ़ाने के लिए 10 हजार नए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। किसानों को हर आवश्यक सुविधा मिले, इस दिशा में सरकार प्रयत्नशील है। किसानों को परिवहन सुविधा व अच्छा दाम मिले, इसके लिए काम करने की जरूरत है। डिजिटल कृषि पर काम चल रहा है। यह जब पूरा होगा तो कृषि क्षेत्र में दिखने वाला असंतुलन खत्म होगा, पारदर्शिता आएगी व भाव में असंतुलन को पाटा जा सकेगा।

## 15 अक्टूबर से दो दिवसीय मिस्र यात्रा पर रवाना होंगे विदेश मंत्री जयशंकर



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर 15 अक्टूबर को मिस्र की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे, इस दौरान उनके समकक्ष समेह शौकी के साथ कई द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। यह उनकी मिस्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री छात्रों सहित मिस्र में स्थित भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे और मिस्र और भारतीय व्यापारिक समुदाय की एक सभा को संबोधित करेंगे। दोनों देश इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष मना रहे हैं। 2022-23 में जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान मिस्र को 'अतिथि देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है। मिस्र अफ्रीका में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक रहा है और यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार, वाणिज्य और निवेश को बढ़ावा देना फोकस क्षेत्रों में से एक होगा। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत-

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## नेपाल स्कूल के शिक्षकों के 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की उपमुख्यमंत्री से मुलाकात



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के दिल्ली के शिक्षा मॉडल को दुनिया भर में लोकप्रियता मिल रही है। भारत के पड़ोसी देश अपनी शिक्षा प्रणालियों के विकास के लिए दिल्ली सरकार के स्कूलों से सीखने-सीखाने के सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। उसी श्रृंखला में, नेपाल के लुंबिनी के तिलोत्तमा नगरपालिका से स्कूल प्रधानाचार्यों, उप प्रधानाचार्यों और शिक्षकों का एक 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली सरकार के स्कूलों के तीन दिवसीय दौरे पर है। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने उनसे बातचीत की और दौरे के दूसरे दिन दिल्ली के सरकारी स्कूलों को देखने के लिए उनका स्वागत किया। अपने दौरे के पहले दिन प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार के दो स्कूलों का दौरा किया तथा छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने दिल्ली सरकार के माइंडसेट पाठ्यक्रमों की अवधारणा को समझने के लिए हैप्पीनेस करिकुलम, एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम और देशभक्ति करिकुलम की कक्षाओं में भी भाग लिया और यह समझा कि कैसे केजरीवाल सरकार के यह पाठ्यक्रम बच्चों के सर्वांगीन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। प्रतिनिधि मंडल के साथ बातचीत करते हुए, सिसोदिया ने कहा कि, दिल्ली का शिक्षा मॉडल दिल्ली के लोगों के प्रयासों के कारण ही इतना शानदार बना है, दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल पर विश्वास दिखाया और इसी विश्वास के दम पर दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक शिक्षा क्षेत्र में क्रांति ला दी। उन्होंने कहा कि एक सरकार के रूप में, हमारा उद्देश्य एक शिक्षित राष्ट्र की स्थापना करना है जो गरीबी, बेरोजगारी और असमानता के मुद्दों से कुशलता से निपट सके। इन सभी मुद्दों का समाधान केवल शिक्षा है।" उन्होंने कहा कि, स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार और नए पाठ्यक्रम शुरू करके, हमारा उद्देश्य छात्रों को नए अवसर प्रदान

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव में वोटों की गिनती से पहले मिला दिए जाएंगे मत पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में पारदर्शिता को लेकर केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष ने मतदाताओं के पहचाने जाने की आशंकाओं को दूर करते हुए बुधवार को पार्टी के 17 अक्टूबर को होने वाले अध्यक्ष पद चुनाव में मतपत्र की गोपनीयता का आश्वासन दिया। मतगणना तक मतदान के लिए मानक प्रोटोकॉल जारी करते हुए मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि कागजों पर कोई नंबरिंग नहीं है और केवल विवरण के साथ काउंटरफॉइल चुनाव प्राधिकरण के पास रखा जाएगा जबकि मतपेटियों को चुनाव एजेंटों के सामने सील कर दिया जाएगा। मतगणना से पहले, सभी मतपत्रों को मिलाया जाएगा ताकि किसी को पता न चले कि उम्मीदवार को किसी विशेष राज्य से कितने वोट मिले हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें एक शिकायत मिली है जिसके बाद उन्होंने सभी प्रक्रिया साफ कर दी है। शीर्ष पद के लिए शशि थरूर और मल्लिकार्जुन खड़गे मैदान में हैं। सीईए ने कहा है कि सभी राज्यों में 67 बूथ बनाए गए हैं। एआईसीसी में भी एक बूथ होगा, खासकर सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्य समिति के सदस्यों और उन सभी लोगों के लिए जिनके पहचान पत्र अलग राज्य से हैं लेकिन दिल्ली में रह रहे हैं। राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने वाले अन्य लोगों के लिए एक कैंप बूथ स्थापित किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### दिवाली में कंपनियों की पैक मिठाइयों की मांग बढ़ी

**– मिष्ठान की दुकानें भी बेच रहे हैं पैक्ड मिठाई**

**नई दिल्ली।** पिछले 2 वर्षों से पैक्ड मिठाई का बाजार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इस बार भी दीपावली के पहले बाजार में पैकड मिठाई से दुकानें सज गई हैं। पिछले साल की तुलना में 20 से 25 फीसदी की मांग बढ़ी है। कोरोना संक्रमण के बाद पैक स्वीट्स की खपत लगातार बढ़ रही है। बाजार के विशेषज्ञों की माने तो कंपनियों द्वारा तैयार स्वीट का व्यापार लगभग 1.25 लाख करोड़ का हो गया है। इस साल दीपावली में 1.50 लाख करोड का व्यापार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसके साथ ही दीपावली के त्यौहार में 0.50 लाख करोड़ रुपए का पैक्ड नमकीन भी बाजार में बिकने की उम्मीद की जा रही है। देशभर के सभी हलवाईयों के यहां, जो मिठाईयां बनाकर ताजी बेचते है। उनके यहां पर भी अब कंपनियों की तैयार पैक मिठाई बिक्री के लिए रखी हुई है। मिष्ठान विक्रेताओं का कहना है कि ग्राहक जब पेक मिठाई मांगता है, तो हमारी भी मजबूरी है कि हम उसे अपनी दुकानों में रखें। कंपनियों द्वारा तैयार मिठाई के कारण शहरों और गांवों में हलवाईयों को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब उन्हें भी कंपनी द्वारा उत्पादित मिठाइयां बेचने के लिए विवश होना पड़ रहा है। जिससे उनकी कमाई और जो रोजगार स्थानीय स्तर पर कारीगरों और स्थानीय लोगों को मिलता था। वह भी खत्म होता जा रहा है।

### दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा तीन घंटे से भी कम समय में होगी पूरी

**–चेयर कार में 805 रुपए और एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1495 रुपए होगा**

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के ऊना स्टेशन से हरी दिखाकर वंदे भारत को रवाना कर दिया है। यह ट्रेन उत्तर भारत के लोगों के लिए दिल्ली की दूरी को और कम कर देगी। ट्रेन दिल्ली से चंडीगढ़ होते हुए हिमाचल प्रदेश के ऊना होते हुए अंब-अंदौरा तक जाएगी। इससे दिल्ली और चंडीगढ़ का सफर तीन घंटे से भी कम समय में पूरा हो जाएगा। आप एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव चेयर कार के जरिए इसमें सफर कर सकते हैं। यदि आप चेयर कार में दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा करते हैं तो आपको 805 रुपए देने होंगे। वहीं एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1495 रुपए है। आपकी यात्रा 2:50 घंटे में पूरी हो जाएगी। वंदे भारत अंब अंदौरा और नई दिल्ली से हफ्ते में छह दिन, बुधवार छोड़कर चलेगी। ट्रेन अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब और हिमाचल प्रदेश के ऊना स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन में आप चेयर कार या एग्जीक्यूटिव चेयर कार से सफर कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया पीएम मोदी आज जिस वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे वह पहले की तुलना में एक उन्नत संस्करण है। यह ट्रेन बहुत हल्की और कम अवधि में तेज गति तक पहुंचने में सक्षम है। ट्रेन बुधवार छोड़कर हफ्ते में छह दिन चलेगी और अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब और ऊना में रुकेगी। यह महज 52 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। ट्रेन की शुरूआत से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रा का एक आरामदायक और तेज तरीका प्रदान करने में मदद मिलेगी। ट्रेन अंब अंदौरा से दोपहर एक बजे रवाना होगी और दोपहर 3.35 बजे चंडीगढ़ पहुंचने से पहले ऊना और पंजाब के आनंदपुर साहिब में रुकेगी। चंडीगढ़ से 6.25 बजे दिल्ली पहुंच जाएगी। ट्रेन अंब से दिल्ली तक के सफर को महज साढ़े पांच घंटे में तय कर लेगी। वहीं रिवर्स रूट पर यह दिल्ली से सुबह 5.50 बजे रवाना होगी और 10.34 बजे ऊना पहुंचेगी। इसके बाद 11.05 बजे अंब अंदौरा में यात्रा समाप्त हो जाएगी। यह अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है।

### हिजाब मामले पर मुस्लिम संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच के फैसले का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक हिजाब मामले पर सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच के फैसले का मुस्लिम संगठनों ने स्वागत किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और आल इंडिया मिल्ली काउंसिल ने सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच के फैसले का स्वागत करते हुए इसे संविधान और व्यक्ति की स्वतंत्रता के अनुरूप करार दिया है। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जस्टिस धूलिया का फैसला संविधान और व्यक्ति की आजादी के मुताबिक है। उन्होंने कहा कि जस्टिस धूलिया ने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और इसमें पैदा होने वाली रुकावट को दूर करने पर ध्यान दिया है जबकि जस्टिस हेमंत गुप्ता के फैसले में यह बात ओझल हो गई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड कर्नाटक सरकार से अपील करता है कि वह हिजाब के सिलसिले में अपने आदेश को वापस ले ले तो यह मसला खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में विशेष तौर से मुसलमानों में महिलाओं की शिक्षा की तरफ पहले से ही कम ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए सरकार को किसी ऐसे कदम का समर्थन नहीं करना चाहिए, जिससे लड़कियों की शिक्षा में रुकावट पैदा हो। उनका कहना है कि जजों में सहमति नहीं होने की वजह से यह मामला उच्च बेंच में भेज दिया गया है। इसी तरह ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल ने भी हिजाब पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सेकुलर सोच और संविधान के अनुरूप बताया है।

**Vacancy**

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर




दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

# सम्पादकीय

## आजादी के अमृत महोत्सव' का सबसे बड़ा व ऐतिहासिक आयोजन है 'भारत जोड़ो यात्रा'

स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर देश भर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे देश में बड़े पैमाने पर दो दिवसीय 'घर घर तिरंगा' अभियान चलाया गया। 15 अगस्त के दिन लाल किले को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया। देश के अनेक नगरों में तिरंगा यात्रायें निकाली गईं। गोया आजादी की 75वीं वर्षगांठ का बड़े पैमाने पर जश्न मनाया गया। और इसे भी महज एक संयोग कहें कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहे इसी वर्ष में कांग्रेस पार्टी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 3700 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जा चुकी है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही यह भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों से होकर गुजरेगी। सवाल यह है कि क्या सत्ता की ओर से अधिकृत तौर से घोषित किया गया व मनाया जा रहा 'आजादी का अमृत महोत्सव' और देश की वर्तमान स्थिति व देश की जनता के हालात वास्तव में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिये साजगार हैं? क्या देश के करोड़ों बेघर व निराश्रित लोगों के लिये 'घर घर ' तिरंगा अभियान के कोई मायने भी हैं? देश में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही साम्प्रदायिकता व जातिवाद के वातावरण क्या हमें स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के जश्न के रूप में मनाने की इजाजत देते हैं। निरंतर बढ़ती जा रही मंहगाई व बेरोजगारी क्या 'आजादी के अमृत महोत्सव' के लक्षण हैं? आज भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83 रुपए के रिकार्ड स्तर तक पहुँचने जा रहा है। रुपए की इस ऐतिहासिक गिरावट का कारण यदि 2014 के नरेंद्र मोदी के कथन के नजरिये से देखें तो - "रुपया उसी देश का गिरता है जिस देश की सरकार भ्रष्ट और गिरी हुई हो"। आज सत्ता कहां तो विश्व गुरु, विश्व शक्ति, महाशक्ति बनने और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जैसे बड़े बड़े दावे करती है तो दूसरी और रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83 रुपए के रिकार्ड स्तर तक पहुँच जाना अर्थात मोदी के ही शब्दों में 'देश में भ्रष्ट और गिरी हुई सरकार' का वातावरण क्या हमें आजादी के अमृत महोत्सव का एहसास कराता है? सत्ता द्वारा रची जा रही विपक्ष को समाप्त करने की साजिश और सरकारी संस्थाओं पर नियंत्रण हासिल करने जैसी कोशिशें क्या किसी जीवंत लोकतान्त्रिक राष्ट्र का प्रतीक हैं? मीडिया द्वारा सत्ता के समक्ष ' शाष्टांग दंडवत ' करना और सत्ता के बजाये विपक्ष को कटघरे में खड़ा करना और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने का षड़यंत्र रचना क्या 'आजादी के अमृत महोत्सव' की कारगुजारी मानी जा सकती है? उपरोक्त व इन जैसे अनेक सवालों को लेकर ही कांग्रेस ने राहुल गाँधी के नेतृत्व में सैकड़ों पार्टी नेताओं हजारों कार्यकर्ताओं व अनेक समाजसेवियों के साथ लगभग 150 दिनों तक पैदल चलकर 'आजादी के इसी अमृत महोत्सव काल ' के दौरान 'भारत जोड़ो' यात्रा जैसा ऐतिहासिक मिशन छेड़ दिया है। जैसे जैसे यह यात्रा आगे बढ़ रही है, इसमें शामिल लोग,उनका उत्साह,रास्ते में यात्रा को मिल रहा अपार जन समर्थन इस यात्रा के दौरान रोजाना उठाये जाने वाले मुद्दे, इसमें शामिल हर धर्म जाति क्षेत्र व समुदाय के लोगों की शिरकत,यात्रा में हो रहे शांति, सद्भाव व परस्पर भाईचारे के दर्शन देखकर तो यही प्रतीत होता है गोया यही यात्रा उस वास्तविक भारत का दर्शन पेश कर रही है जिस "अनेकता में एकता' रखने वाले महात्मा गांधी,भगत सिंह,चंद्रशेखर आजाद,सुखदेव,राजगुरु व अशफाकुल्ला खान जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत को दुनिया अब तक आदर व सम्मान के साथ जानती रही है।

## आप में से यहाँ कोई राम है ?


लेखक - विनोद तकियावाला /ईएमएस



दिल्ली वासियों सम्बन्ध राम लीलाओं से काफी ही पुराना है। विगत दिनों दिल्ली व एन सी आर मे रामलीला का मंचन व जय श्री राम से पुरा वातावरण गुंजायमान था। वैश्विक महामारी कोरोना संकट के दो वर्षो के बाद दिल्ली वासी शाम होते ही अपने परिवार के सदस्यो के संग रामलीला का आनंद लेने घर से निकल पड़ते थे।मुझे भी कुछ रामलीलाओं को तीरक्षी नजर से देखने का सुअवसर मिला। इस दौरान मुझे रामायण के कई पात्रओ के बारे में बारिकी से जानने का अवसर मिला। इस क्रम में कई ऐसे क्षण आयें जिसने मुझे ना प्रभावित किया बल्कि कुछ सोचने को मजबूर कर दिया विशेष कर राम - रावण युद्ध का प्रसंग। आप को बता दें राम - रावण का युद्ध काफी ही शिक्षाप्रद व रोचक है। आज रामलीलाओं में मर चुका है रावण का शरीर, सुनसान है किले का परकोटा, चारो दिशाओं में उदासी पसरी है, किसी के घर में नही जल रहा दीया। विभीषण के घर छोड़ कर सागर के तट पर बैठ है विजय श्री राम। विभीषण को लंका का राज्य पाठ सौंपते हुए ताकि सुबह हो सके र्निविघ्न राज्याभिषेक, स्वयं राम लक्ष्मण से पुछते अपने सहयोगियों के कुशल क्षेम, चरणो में हनुमान बैठे। लक्ष्मण मन से क्षुब्द है।भ्राताश्री राम सीता माता को अशोक बाटिका मे क्यों नही लेने जाते है। विभीषण का राज्याभिषेक हो गया है। लंका में राम प्रवेश कर एक भव्य भवन पहुंच गये है। हनुमान को अशोक वाटिका में संदेश देने भेजते है कि रावण मारा गया है और अब विभीषण लंकापति है। हनुमान का यह संदेश सुनकर माँ सीता खामोश है, निहारती है उस रास्ते को। उनके मन में प्रश्न उठते है कि रावण का वध करते ही वनवासी राम,राजा राम बन गये क्या। लंका पहुंच कर वे क्यूं नही जानना चाहते है, एक वर्ष कहाँ रही सीता, कैसे रही उनकी सीता। मॉ सीता के नयनों से अविरल बहते हए अश्रुधार। ना' राम भक्त हनुमान नही समझ पाते, ना रामायण के रचयिता बाल्मिकी कह नही पाते है। माँ सीता आज सोचती है कि अगर राम आते मै उन्हें यहाँ के परिचायिकाओं से, जिन्होने रावण के आदेश पर मुझे भयभीत तो किया लेकिन नारी के पूर्ण गरिमा प्रदान की, वे रावण की अनुचरी थी लेकिन मेरे लिए माताओं के समान थी। अगर स्वयं राम आते यहां तो उन्हे मिलवाते यहाँ के अशोक के वृक्षों से जिन्होंने मुझे अपने विश्वास पर अड़े रही, यहाँ की माधवी लताओं से जिन्होने उनकी सीता कीआँसुओं को ओंस के कणों की तरह सहेज कर रखा। लेकिन वे अब तो वे राजा राम है कैसे आते अपनी सीता को लेने के लिए। कई पहर बीत गए, लंकापति विभीषण के नेतृत्व में माता सीता जी का श्रंगार कर पालकी मे सीता सोचती है राजा जनक जी ने भी तो इसी तरह विदा किया था उन्हें। तभी वातावरण में गुंजता है,राम का स्वर, सीता को मेरे पास पैदल आने दो। भुमि सुता जमीन पर कॉपती हुई चलते मन में ज्वलंत प्रशन उठते है कि मैंने स्वयंवर में जिसका वरण किया था क्या वही है यह पुरुष, जिसके प्रेम में अयोध्या का महल छोड़ कर उनके संग वन वन भटकी थी। हॉ रावण नें गोद मे उठाया था। मुझसे क्या था प्रणय निवेदन वह स्वयं में राजा था,चाहता तो बल पूवर्क ले जाता राजमहल में,लैकिन उसने मेरे स्त्रीत्व का अपमान कभी नही किया। रावण के विषय में सही जानकारी से आज बहुत लोग अपरिचित है। रावण कौन था' क्या रामायण का एक पात्र मात्र था आपके मन भी कुछ सवाल होंगे तो मै बता दूँ कि रावण एक महाज्ञानी, महा पराक्रमी और महाबलशाली था।

रावण चारों वेदों का जानकार था।वह धरती पर मौजूद सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक था। हालांकि उसके अहंकार के कारण उसका अंत हुआ। रावण भगवान शिव का परम भक्त था और उसे यह वरदान था कि कोई भी देवी-देवता का उसका अंत नहीं सकता।यही कारण है कि रावण का वध करने के लिए भगवान विष्णु को मानव रूप में अवतार लेना पड़ा। भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। रावण के अंत से पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच कई दिनों तक युद्ध चला। धर्म और अधर्म के बीच हुआ यह युद्ध कितने दिनों तक चला, इस बार में बहुत कम लोगों को जानकारी है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच 84 दिनों तक युद्ध लड़ा गया। युद्ध में सफलता के लिए भगवान श्रीराम ने शक्ति की उपासना की थी। जिसके बाद लगातार 9 दिनों तक युद्ध के बाद दसवें दिन रावण का अंत कर दिया। इसलिए हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की जाती है और दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगातार 8 दिनों सीधे युद्ध हुआ था। अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दोनों के बीच शुरू हुआ संग्राम दशमी को रावण वध के साथ समाप्त हुआ। रावण का अंत करने के बाद भगवान श्रीराम को वापस अयोध्या पहुंचने में करीब 20 दिन लगे थे। शास्त्रों के अनुसार रावण की सेना में करोड़ो लोग थे, बावजूद इसके भगवान श्रीराम और उनकी वानर सेना ने बहुत पराक्रम के साथ युद्ध किया और श्रीराम ने रावण का अंत कर दिया। सिर्फ रावण ही नहीं बल्कि उसकी सेना में ऐसे कई पराक्रमी योद्धा थे, जिन्हें किसी मनुष्य के लिए हराना असंभव था। इसलिए भगवान विष्णु के अवतार के साथ-साथ भगवान शिव और अन्य देवताओं ने भी अवतार लिए थें।श्रीराम-रावण के युद्ध में रावण के चार भाइयों कुम्भकर्ण, खर, दूषण और अहिरावण ने हिस्सा लिया था।इनमें से अहिरावण का अंत हनुमानजी ने किया था जबकि बाकी तीन भाइयों का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। युद्ध में रावण के सात शूरवीर पुत्र भी उतरे थे। इनमें से मेघनाद, प्रहस्त और अतिकाय का अंत लक्ष्मणजी ने किया जबकि नरान्तक, देवान्तक और अक्षय कुमार का अंत हनुमान के हाथों हुआ। रावण के एक पुत्र त्रिशिरा का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। आगे की कथा आप सभी स्वयं जानते है-स्वयं सीता को अग्नि परीक्षा तक देने पड़ी राम, सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे,नगर वासियों नें दिवाली मनाई। मै उदास हूँ दशहरे की रात से। रावण को आज जिसने भी जलाई है क्या उसमें से किसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के गुण थें क्या। चाहे वे केन्द्रीय मंत्री हो, मुख्य मंत्री हो या राजनीतिक दलों के राजनेता हो, समाज सेवी। मेरे मन में बार यह बार एक सबाल पूछ रहा है। यहाँ आप में से कोई राम है क्या। मुझे तो यहाँ कोई नही मिला। अगर आप को कोई दिखे तो हमे भी बतायेगा जरूर। फिलहाल आपसे यह कहते हुए विदा लेते है कि "ना ही काहुँ से दोस्ती। ना ही काहुँ सें बैर॥ खबरी लाल तो माँगें। सबकी खैर"॥

## आज का कार्टून।




## डालर मुद्रा ने मचाया सारी दुनिया में हाहाकार


लेखक - सनत कुमार जैन /ईएमएस

डॉलर मुद्रा के सामने सभी देशों की मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा दबाव जापान पर देखने को मिला है। जापानी मुद्रा येन को संभालने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार से डॉलर निकालने पड़े। जिसके कारण 1998 के बाद जापान पहली बार मुद्रा संकट में फस गया। चीन के बाद सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा का भंडार जापान के पास था। उसके बाद भी जापान को अर्थव्यवस्था के संकट का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका का डॉलर इंडेक्स नई ऊंचाइयां छूता जा रहा है। पिछले 9 महीने में 15 फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। सभी देशों के विदेशी मुद्रा भंडार में करेंसी को संभालने के लिए जो डालर खर्च किए गए हैं। उससे सारी दुनिया महंगाई और मंदी की ओर जाती हुई दिख रही है। महंगाई बढ़ने से ब्याज दरें भी अमेरिका सहित सभी देशों में बढ़ने लगी है। अमेरिकी डॉलर को लेने के लिए बाजार में मांग बढ़ गई और डालर में भी सट्टेबाजी शुरू हो गई।

**50 साल पुरानी स्थिति**

पहली बार ऐसा हो रहा है, ऐसा नहीं है 1973 में इजिप्ट और सीरिया के बीच युद्ध हुआ था। उस समय अमेरिका को इजरायल की मदद मिली। इसके बाद अरब देशों में अमेरिका को तेल का निर्यात बंद कर दिया था। 1974 में अमेरिका की महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ने लगी थी। अमेरिका की ब्याज दरें 20 फीसदी पर पहुंच गई थी। उसके बाद वही हुआ, जो वर्तमान में हो रहा है। अमेरिकी डालर ज्यादा मजबूत होने लगा। उस समय भी अमेरिका मंदी और बेरोजगारी का शिकार हो गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रेगन को डालर मुद्रा का अवमूल्यन करने विवश होना पड़ा था।

**1985 का समझौता दशा और दिशा तय करेगा**

1985 में जब मुद्रा संकट का हाहाकार मचा हुआ था उस समय यह मार्च में बैठक हुई जिसमें पश्चिमी जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ। ऋ्र के देशों ने अमेरिका को 50 फीसदी डालर के मूल्य पर अमूल्य करने पर सहमत कर लिया। इस समझौते के बाद जापान फ्रांस ब्रिटेन और जर्मनी की मुद्रा का मूल्य 50 फीसदी बढ़ गया था। केंद्रीय बैंकों ने मुद्रा बाजार में सीधा हस्तक्षेप किया। इसके बाद जापान की अर्थव्यवस्था मंदी मंदी का शिकार हो गई थी।

**कर्ज संकट का असर**

1985 का यह समझौता भी ज्यादा दिन नहीं चल पाया था। 1987 में फ्रांस ने इस समझौते को रद्द कर दिया ऋ्र के देशों ने विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना बंद कर दिया। अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से डालर में कर्ज लेने वाले भारी मुसीबत में फंसे थे। फेड रिजर्व के तत्कालीन चेयरमैन एलन ग्रीनस्पन ने 1990 के पूरे दशक की ब्याज दरें कम की। तब जाकर 1995 में डॉलर इंडेक्स 81 के स्तर पर आया था। उसके बाद मुद्रा बाजार का संकट कम हुआ था।

**डॉलर मुद्रा का अवमूल्यन**

डॉलर इंडेक्स संतुलित होने पर ही डालर का अस्तित्व बना रहेगा। अन्यथा निर्यात को लेकर सभी देशों के बीच में मुद्रा का जो संकट आया है। उसको टाला जा सकता है। सारी दुनियां में पिछले 30 वर्षों में काफी विकास हुआ है। डिजिटल लेनदेन बड़े पैमाने पर हो रहें हैं। सभी देश जिन देशों से व्यापार करते हैं।

## श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है। लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का। श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

## मूल्यों के पुनरुत्थानि मे दत्तोपंत का दर्शन


लेखक-राकेश कुमार वर्मा ( ईएमएस)

सोवियत संघ के विघटन के साथ ही इराक, अफगानिस्ताकन जैसे देशों पर प्रभुत्व स्थानपित कर अमरीका एकध्रुवीय समाज्य कायम रखने में सफल रहा है । अब उसने पाकिस्ताजन को 45 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देकर भारत को चिंतित कर दिया. करोना औषधि पर एकाधिकार के बाद अस्त्रों के बाजार से उत्पकन्नस यूक्रेन युद्ध से मानवीयता को खत्मि करने की उसकी कूटनीति बदस्तूर जारी है। इसने दुनिया की सरकारों, व्यवसायों और जनजीवन को न केवल बुरी तरह प्रभावित किया है बल्कि उच्च खाद्य कीमतों से विकासशील दुनिया में व्यापक भूख और अशांति की स्थिति कायम कर दी। यूक्रेन और रूस के बीच जारी यह युद्ध तात्कालिक तौर पर वैश्विक कारोबार, पूंजी प्रवाह, वित्तीय बाजार और तकनीकी पहुंच को भी प्रभावित करेगा। रूस, चीन, कोरिया सहित अनेक देश के अधिनायकत्व प्रवृत्ति से संसाधनों के केंद्रीयकरण से उपभोक्तावाद जिस आक्रामकता से बढ़ रहा है, उससे उत्पकन्नअ आर्थिक असमानता के समाधान पर महान विचारक दत्तोरपंत ठेंगड़ी की प्रासंगिकता बढ़ गई है। दत्त अर्थात देना और पंत अर्थात मार्ग। इस प्रकार संस्कूतियों के उत्थीन का मार्ग प्रशस्ति करने वाले दत्तौपंत ठेगड़ी के विचार संघोपनिषद तत्व का दर्शन कराता है। उन्होंने मौलिकता और उच्च बौद्धिकता के लिए हिन्दी। अंग्रजी और मराठी में लगभग 50 पुस्तकेंलिखीं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में गहन विषयों पर उनके असंख्य पत्र मौजूद हैं। मराठी और अंग्रेजी के अलावा पांच भाषाओं का ज्ञान रखने वाले दत्तोप़ंत ने सौ से अधिक संगठनों की स्थापना, प्रेरणा, प्रबंधन के साथ राजनीति, सेवा, चरित्र के प्रभावों का वृहत विश्लेरषण प्रस्तुतत किया। अपने दूरदर्शी अनुमान के साथ दशकों पहले, उन्होंने साम्यवाद के पतन को देखा। उन्होंने सिद्धांत दिया है कि पूंजीवाद भी ध्वस्त हो जाएगा क्योंकि वह भी मानव आत्मा और प्रकृति के खिलाफ है। वैश्वीकरण के प्रतिरोध के दर्शन में भी उन्होंने राष्ट्रीय भावना को वैश्विक ताकतों के खिलाफ सबसे बड़ी रक्षा के रूप में देखा। और राष्ट्रों के बीच प्रतिस्पर्धा के रूप में वैश्वीकरण के छिपे हुए तत्व का अनावरण किया। अपने जीवन से पत्रम, पुष्पिम फलम तोयम देने वाले ठेगड़ी जी ने महात्माग गांधी के हिन्दा स्व्राज्यस का हवाला देते हुए कहा था कि हमारे देश में ब्रिटिश पार्लियामेण्ट्री सिस्टीम नहीं चलेगा, यदि इसे थोपा गया तो उसके घोर दुष्पपरिणाम होंगें। नेताओं की हालत ऐसी वेश्याश के समान हो जायेगी जिसे खरीदा और बेचा जा सकता है। जिस देश में साठ प्रतिशत लोग गरीब व निरक्षर हैं वहां विधायकों, सांसदों को बड़ी संख्यात में चुनकर लाने के लिए भ्रष्ट्रचार से अर्जित धन को बहाना उपयुक्तो नहीं होगा। इस परिप्रेक्ष्यन में राजनीति गरीब जनता से वोट प्राप्त् करने की तथा चुनाव के लिए श्रीमान् लोगों से धन लेकर उन्हेंय परस्प्र संरक्षण का विश्वासि दिलाने की एक सौम्य् कला है। यदि कोई ध्ये यवादी राजीतिक दल तक जनता के उत्थान् के लिए भ्रष्ट्राचारमुक्ती प्रतिबद्धता के साथ दीर्घकाल तक धीरज रखने वाला हो तभी वह केवल साधन शुचिता को कायम रख सकता है। लेकिन जिन्हेंद सत्ता में आने की जल्दवबाजी हो उसके लिए वोट व नेता खरीदने के लिए भष्टाचार और अपराध अपरिहार्य हो जाता है। पैसा गरीब से तो मिलेगा नहीं और कोई धनवान कर्ण, शिवि, युधिष्ठिर या हर्षवर्धन नहीं है जो बिना स्वा र्थ के दान करेगा। जाहिर है इसके पीछे व्यवक्तिगत, पारिवारिक स्वा र्थ के लिए या गरीबों की बलि पर राष्ट्रीना य स्वा भिमान को बेचने वाले धीरजहीन लोगो का संवर्धन और रक्षण शामिल होता है। यह यात्रा यहीं नहीं रुकती, विदेशी तंत्र अपने साम्राज्ये के अड्डे निर्माण के लिए जनता का आर्थिक शोषण करने देने की शर्त पर देश के नेताओं से सौदेबाजी करने पर विवश होती हैं, जिसके चलते हम आर्थिक संकट सहित अन्य षड़यंत्रों का शिकार होते आये हैं। गरीब विरोधी नीतियों को लेकर यदि सरकार चलती है तो सरकार के पास प्रोपेगंडा मशीनरी अच्छी होगी। जब जागरुक जनता ऐसे सत्तीधारियों को सबक सिखाना चाहती है तो तानाशाही का सच सामने आता है। फिर आपातकाल जैसी रणनीति के तहत एक को आश्वाबसन दूसरे की पिटाई की जाती है। मार्किज्मं के घोर आलोचक होते हुए भी ठेंगड़ी जी मार्क्सश के व्याक्तित्व व वैश्विक वैचारिक संपदा में उनके बौद्धिक योगदान के प्रशंसक थे। इस बारे में वे शंकराचार्य का उदाहरण देते हुए बताते थे कि वे बौद्ध दर्शन का तो खंडन करते थे किंतु गौतम बुद्ध के प्रशंसक थे और उनकी संस्तुसति करते हुए कहते थे य आस्तेक कलौ योगीनां चक्रवर्ती, स बुद्धः प्रबुद्धोस्तौश्चितबर्ती ।। अर्थात मेरे मन में उन भगवान बुद्ध के प्रति श्रद्धाभाव है जो इस कलियुग में योगियों में योगीराज या चक्रवर्ती हैं। यही है भारत की परंपरा ...। राज्यनसभा सत्र : 47 दि. 8 मई 1964 संसद सदस्योंर के वतन भत्ताि वृद्धि के संबंध में प्रस्तालव रखने वाले सदस्यं श्री भार्गव के दलीलों पर ठेंगड़ी ने कहा कि- मैं ईमानदारी से महसूस करता हँ कि यह तरीका घोड़े के सम्मुख घोड़ागाडी लगाने जैसा है। उन लोगों के बारे में जरा सोंचे जो मंहगाई की मार हमसे ज्यायदा झेल रहे हे जिन्होंतने हमें संसद में भेजा है जो हमारे स्वा मी हैं।

## प्रसंगतः उदारता की राह

पंडित मदनमोहन मालवीय का कहना था कि यदि मूक जीवों का कष्ट समझकर हम इंसान उनके हित में कुछ कर सकें तो शायद इससे बढ़कर दूसरा कोई पुण्य नहीं होगा। यह बात उनके आचरण में हमेशा दिखती थी। उनके भीतर प्राणी मात्र के लिए दया थी। इससे जुड़ी एक घटना बड़ी चर्चित है। मालवीय जी किसी जरूरी काम से कहीं पैदल जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक कुत्ता छटपटाता दिखाई दिया। उसके कान के पास एक घाव था और वह पीड़ा के मारे इधर-उधर भाग रहा था। उसकी कराह सुनकर मालवीय जी से रहा नहीं गया। उन्होंने अपना काम निपटाने का विचार छोड़ा और पशु चिकित्सालय दौड़ते हुए गए। वैद्य जी को कुत्ते की तकलीफबताकर दवा मांगी। वैद्य जी ने दवा तो दे दी, मगर बोले, 'मदनमोहन, ऐसे कुत्ते प्रायः पागल हो जाते हैं। छूने पर काट भी लेते हैं। तुम इस खतरे में न पड़ो तो अच्छा है।' किंतु मालवीय जी नहीं माने। वह कष्ट में पड़े किसी प्राणी से मुंह नहीं फेर सकते थे। उन्होंने दवा लेकर एक लंबे बांस में कपड़ा लपेटा और कुत्ते को ढूंढने लगे। कुत्ता एक संकरी गली में बैठा था। मालवीय जी ने पहले कपड़े पर दवा लगाई फिर बांस की सहायता से कुत्ते को दवा लगाना शुरू किया। कुत्ता गुर्राता, दांत निकालता और झपटने की भी कोशिश करता रहा, किंतु मालवीय जी बिना डरे उसे दवा लगाते रहे। जब कुत्ते की पीड़ा कम हुई तो वह सो गया। तब मालवीय जी को शांति मिली और वह अपने कार्य के लिए रवाना हुए।

DELHI CRIME 14 oct 2022:Layout 1 10/13/2022 8:25 PM Page 3



# खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, परिश्रम की भावना बढ़ती है : दुड़ाराम



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** अच्छे भविष्य और बेहतर करियर के लिए पढ़ाई का जितना महत्व है, उतना ही महत्व बेहतर जीवन के लिए खेलों का भी है। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, परिश्रम की भावना भी उत्पन्न होती है जो बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में सार्थक सिद्ध होती है। यह बातें फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा मनोहर मेमोरियल कॉलेज में आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के तीसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने प्रदेशभर से पहुंचे खिलाड़ियों से परिचय करते हुए पुरुष वर्ग के मुकाबलों का शुभारंभ करवाया। अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में प्रदेशभर के विभिन्न कॉलेजों की छात्राओं ने बॉक्सिंग रिंग में दम-खम दिखाया। अंडर 45-48 किलो भार वर्ग में जनता कॉलेज कैथल की रजनी ने गोल्ड, एसडी कॉलेज नरवाना की पूजा ने सिल्वर व राजीव गांधी राजकीय कॉलेज भिवानी की रितु व एफजीएम कॉलेज आदमपुर से शालू ने ब्रांज मेडल जीता। इसी तरह 48-51 किलो भार वर्ग में शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज सिरसा की प्रियंका ने गोल्ड, सीआरएम जाट कॉलेज हिसार की नीतू रानी ने सिल्वर, गवर्नमेंट महिला कॉलेज बहादुरगढ़ अंजली व एमकेजे कॉलेज रोहतक की प्रीति ने ब्रांज जीता। अंडर-51-54 भार वर्ग में शाह सतनाम कॉलेज सिरसा की निशा रानी ने गोल्ड, गवर्नमेंट कॉलेज सिरसा की खुशबू ने सिल्वर, गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी की सोनिका व गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना की निकिता ने ब्रांज, 54-57 किलो भार वर्ग में एफजीएम कॉलेज आदमपुर की शैलजा ने गोल्ड, एसडी कॉलेज नरवाना की मोनिया ने सिल्वर, गवर्नमेंट महिला कॉलेज हिसार की सिया व गवर्नमेंट कॉलेज बालसमंद की बिंदिया ने ब्रांज, 57-60 किलो भार वर्ग में शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज की अंशुल ने गोल्ड, एसडी कॉलेज नरवाना की ममता ने सिल्वर, गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी की लक्ष्मी व बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक की गीतिका ने ब्रांज मेडल जीता।

इसी तरह 60-64 किलो भार वर्ग में मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक की आंचल ने गोल्ड, राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी की जिज्ञासा ने सिल्वर, ओडीएम कॉलेज हिसार से लक्की व एसडी कॉलेज नरवाना से रूमन ने ब्रांज मेडल जीता। 64-69 किलो भार वर्ग में पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज रोहतक की खुशी ने गोल्ड, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक की ज्योति ने सिल्वर, एसडी कॉलेज नरवाना की ज्योति व द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज गुरुग्राम की प्रिया ने ब्रांज मेडल जीता। 69-75 किलो भार वर्ग में एसडी कॉलेज नरवाना की निर्मल ने गोल्ड, आर्य गर्ल्स कॉलेज अम्बाला की शालिनी ने सिल्वर, 75-81 किलो भार वर्ग में एसए जैन कॉलेज अम्बाला कैंट की मनप्रीत ने गोल्ड, एसडी कॉलेज नरवाना की रितु ने सिल्वर, 81 प्लस आयु वर्ग में एसडी कॉलेज नरवाना से स्वाति ने गोल्ड, गवर्नमेंट महिला कॉलेज रोहतक से महक ने सिल्वर, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक की मानसी व डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर की अंजली ने ब्रांज मेडल जीता।

## एथिक्स इन स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2022 सम्मान मिलना हरियाणा की खेल नीति का परिणाम : संदीप




**कुरुक्षेत्र, (हि.स.)।** वर्ल्ड फोरम एथिक्स इन बिजनेस की ओर से बेंगलुरु में आयोजित 6वें वर्ल्ड समिट एथिक्स एंड लीडरशिप इन स्पोर्ट्स कार्यक्रम में हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह को एथिक्स इन स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। बेंगलुरु में हुए कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर एवं केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू की उपस्थिति में खेल मंत्री संदीप सिंह को प्रशस्ति पत्र दिया गया। खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की खेलों के प्रति सोच और खेल नीति का परिणाम है। खेल मंत्री ने बताया कि इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर से खिलाड़ियों के शारीरिक मानसिक विकास, तनाव मुक्ति, मेंटल हेल्थ व खिलाड़ियों को योग एवं ध्यान से जोडऩे सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में व्यापार, राजनीति व खेल से क्या सीख सकते हैं। इस विषय पर भी बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे। खेल मंत्री संदीप सिंह ने उपस्थित लोगों को बताया कि खेल के क्षेत्र में नेतृत्व और टीम निर्माण की सीख कैसे दिखा सकते हैं। अपने अनुभव से खेल नैतिकता में मौजूदा अवसरों और चुनौतियों का आकलन करके सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। सम्मेलन में प्रतिभागियों के समग्र ज्ञान और अनुभव को समृद्ध करने पर भी चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि स्पोर्ट्स में एथिक्स एंड लीडरशिप पर वर्ल्ड समिट, द वर्ल्ड फोरम फॉर एथिक्स इन बिजनेस फाउंडेशन का उद्देश्य एक वैश्वीकृत दुनिया में व्यापार व खेलों की नींव को आगे बढ़ाना है।

## करवाचौथ पर्व पर भी ड्यूटी पर तैनात रहीं महिला पुलिसकर्मी

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** सेवा, सहयोग और सुरक्षा के नारे को फरीदाबाद की महिला पुलिस कर्मचारी पूरी तरह से सार्थक करनी में जुटी हुई है। करवाचौथ के त्यौहार के दौरान भी महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर हाजिर रही। महिला पुलिसकर्मियों ने व्रत की सभी परंपराएं थाने में ही निभाई और हाथों में मेहंदी लगवाई। हालांकि इस दौरान महिला पुलिस कर्मचारी वर्दी में नहीं थी, बल्कि साज-श्रृंगार किए थाने में अपने कार्यो में व्यस्त रही। महिला पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि वह ड्यूटी के दौरान करवाचौथ का त्यौहार भी बना रहे हैं, ताकि थाने में आने वाला कोई भी पीड़ित परेशान न हो। महिला थाना सेंट्रल की एसएचओ गीता और प्रोटेक्शन ऑफिसर हेमा कौशिक ने बताया कि क्योंकि आज करवाचौथ का त्यौहार है जिसको लेकर हमने व्रत रखा है और साथ ही साथ अपनी ड्यूटी भी निभा रहे हैं।

## निर्माण विहार में किया गया कार्यक्रम का आयोजन




**सुहैल अहमद।** कल्चरल कार्यक्रम हाल में एक मीडिया संस्थान द्वारा दिल्ली के निर्माण विहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां कई गायकों और छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए भाग लिया फिल्मिस्तान के पास मॉडल बस्ती में स्थित विजडम एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियों से मनोरंजन किया। भाग लेने वाले छात्र दिल्ली के कई स्कूलों के जोया, रिदा, सानिया, शगुफ्ता, मायशा, नशरा, रुश्दा, कक्षा V,VII,IX के मरियम हैं। डॉ अस्मा हामिद ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने अद्भुत प्रयास किया। मुख्य अतिथि (डॉ.शमीम-ए-खान) परवाज मिडिया ग्रुप के चैयरमैन। वी.आई.पी. अतिथि अनीस फातिमा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राइट वे महिला बाल कल्याण संगठन (पंजीकृत), वी.वी.आई.पी अतिथि जुबैर सनम (बॉलीवुड अभिनेता), ए.सी.पी. दिनेश कुमार (दिल्ली पुलिस), वी.आई.पी. अतिथि जीशान अंसारी, डीएन न्यूज के संपादक मोहम्मद शाहिद अंसारी मौजूद रहे।

## दिल्ली क्राइम प्रेस व गोल्डफिन के लीडर मुकेश गुप्ता का मनाया गया जन्मदिन




गोल्डफिन के लीडर मुकेश गुप्ता का जन्मदिन दिल्ली क्राइम प्रेस के ऑफिस में मनाया गया। कार्यक्रम का गोल्डफिन के Co Founder रहमत खान की तरफ से किया गया था। इस अवसर पर दिल्ली क्राइम व गोल्डफिन के लीडर राजकुमार कुमार कश्यप , वीरेंदर भघेल, कृष्ण गोपाल , पंकज दास , श्याम लाल , अमित गुप्ता , अनिल और रानी मैडम मौजूद रहे। लीडर अशोक कुमार ने बताया कि कंपनी के जो भी प्रोग्राम होते है उसके अरेंजमेन्ट करने में कॉर्डिनेट करने में सबसे बड़ा रोल मुकेश गुप्ता का होता है। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता ने गोल्डफिन के डायरेक्टर रहमत खान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन को एक खास दिन बनाने के लिए मैं गोल्डफिन के को-फाउंडर रहमत खान का दिल से शुक्रिया करता हूं।

एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स

रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका



जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984

## आदमपुर में केजरीवाल और मान करेंगे प्रचार

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** आदमपुर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग को स्टार प्रचारकों की सूची भेज दी है। दोनों दलों द्वारा गुरुवार को भेजी गई सूची के मुताबिक आम आदमी पार्टी ने जहां बीस नेताओं को प्रचार की कमान सौंपी है, वहीं कांग्रेस ने 39 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाकर आदमपुर में उतारा है। आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव आयोग को भेजी गई सूची के मुताबिक दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, स-ांसद संजय सिंह, सुशील गुप्ता, सौरभ भारद्वाज, पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और अशोक तंवर समेत कुल बीस नेताओं को आदमपुर में स्टार प्रचारक बनाया गया है।

## पेज 1 का शेष भाग

### प्रधानमंत्री ने बल्क ड्रग पार्क का शिलान्यास और ...

काम कर रही है, बल्कि उनकी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अत्यधिक समर्पण और तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम न केवल पिछली सरकारों द्वारा पैदा की गई विकास की खाई को भर रहे हैं, बल्कि हिमाचल के विकास के लिए मजबूत नींव भी रख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली शताब्दी की शुरूआत में विश्व के कई देशों और यहां तक कि गुजरात जैसे कुछ राज्यों ने अपने नागरिकों को शौचालय, ग्रामीण सड़कों और आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में कामयाबी हासिल की थी। लेकिन, भारत में पहली की सरकारों ने आम लोगों के लिए इन बुनियादी सुविधाओं की पहुंच को भी मुश्किल बना दिया था। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी इलाके इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल में लंबे समय तक रहते हुए उन्होंने इन मुश्किलों को करीब से महसूस किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत अतीत की चुनौतियों पर काबू पा रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो सुविधाएं पिछली सदी में लोगों तक पहुंच जानी चाहिए थीं, वे अब उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हम 20वीं सदी की सुविधाएं प्राप्त करेंगे और हिमाचल प्रदेश को 21वीं सदी की आधुनिक सुविधाओं से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों का निर्माण दोगुनी गति से किया जा रहा है और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को ग्राम पंचायतों तक ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने भारत को दुनिया का नंबर एक दवा निमार्ता बनाने में अहम भूमिका निभाई है और इसकी संभावनाएं और बढ़ने वाली हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने हिमाचल प्रदेश में निर्मित दवाओं की ताकत देखी है। उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग पार्क के निर्माण से अब हिमाचल प्रदेश में दवा निर्माण के लिए कच्चे माल का उत्पादन भी किया जाएगा तथा अन्य देशों पर भारत की निर्भरता काफी कम हो जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीबों और जरुरतमंदों के लिए पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग पार्क लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती चिकित्सा प्रदान करने के सरकार के अभियान को और मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि कृषि हो या उद्योग, कनेक्टिविटी ही विकास को गति प्रदान करती है। नंगल बांध-तलवाड़ा रेलवे लाइन का उदाहरण देते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस परियोजना को 40 साल पहले स्वीकृत किया गया था, लेकिन लंबे समय तक इस पर कोई कार्य नहीं किया गया। वर्तमान सरकार ने इस पर तेजी से कार्य किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार पूरे हिमाचल प्रदेश में रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। आज भारत अपने देश में ही निर्मित वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेनों से जुड़ रहा हैं और इसमें हिमाचल अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है। प्रधानमंत्री ने वादों को समय से पहले पूरा करने की नई कार्यशैली को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले हिमाचल को उसकी कम संसदीय सीटों की संख्या के कारण अधिक महत्व नहीं दिया जाता था, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार ने इस परिस्थिति को बदला और शैक्षणिक संस्थानों सहित राज्य की कई लंबित मांगों को तुरंत पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आईआईटी, आईआईआईटी आईआईएम और एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पाने के लिए डबल इंजन सरकार का इंतजार करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित पहल से छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ऊना में आईआईआईटी के स्थायी भवन से छात्रों को और राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईआईआईटी भवन की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी और इसका उदघाटन भी वह कर रहे हैं जोकि सरकार की बदली हुई कार्य संस्कृति का द्योतक है। उन्होंने महामारी की चुनौती के बावजूद परियोजना को समय पर पूरा करने की सराहना की। देश भर में कौशल और नवाचार संस्थानों की आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के कौशल और क्षमता को निखारना आज हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने सेना में सेवाएं और देश की सुरक्षा में नए आयाम गढ़ने के लिए हिमाचल के युवाओं की सराहना करते हुए अब विभिन्न प्रकार के कौशल प्रदेश के युवाओं को सेना में भी उच्च पदों पर ले जाने में मदद करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री को हिमाचली टोपी, शॉल, देवरथ, माता चिंतपूर्णी की चुनरी एवं चित्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखने, आई.आई.आई.टी. ऊना को समर्पित करने और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांवों में 1405 एकड़ क्षेत्र में 1923 करोड़ रुपये की बल्क ड्रग फार्मा पार्क मेगा परियोजना स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें से लगभग 1100 करोड़ रुपये का अनुदान केंद्र सरकार द्वारा तथा शेष राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पार्क 50,000 करोड़ रुपये के संभावित निवेश के साथ राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के हजारों अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि इस पार्क से संबंधित सहायक उद्यमों की स्थापना से आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और ए.पी.आई. की आपूर्ति के लिए भारत की चीन पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी और आत्मनिर्भर भारत अभियान में हिमाचल एक मजबूत भूमिका निभा सकेगा। जय राम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हमेशा अपना दूसरा घर मानने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उदारता से प्रदेश को बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से हिमाचल प्रदेश एक कठिन राज्य है और सड़क परिवहन के अलावा परिवहन के अन्य सीमित साधन हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन वास्तव में राज्य के लोगों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है, जो क्षेत्र के लोगों को परिवहन का आरामदायक और तेज साधन उपलब्ध करवाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक छोटा राज्य होने के बावजूद हिमाचल प्रदेश ने निवेश आकर्षित करने में देश के कई बड़े राज्यों को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया था, जिससे राज्य में विशेष रूप से फार्मा क्षेत्र में भारी निवेश हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य ने संभावित उद्यमियों को भी कई प्रोत्साहन प्रदान किए हैं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्यों की रैंकिंग में हिमाचल 16वें रैंक से अब 7वें रैंक पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री द्वारा राज्य के लिए स्वीकृत बल्क ड्रग फार्मा पार्क हिमाचल और यहां के लोगों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने राज्य में अभूतपूर्व विकास का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने राज्य का संतुलित और चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने उज्ज्वला योजना शुरू की है जिसके तहत राज्य के लोगों को 1.38 लाख से अधिक मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि इस योजना से छूटे लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना शुरू की, जिसके तहत 3.35 लाख मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य में हिमकेयर योजना के तहत 326 करोड़ रुपये खर्च कर 3.42 लाख लोगों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री ने सदैव तरजीह दी है। उन्होंने कहा कि नालागढ़ में स्थापित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क को भी प्रधानमंत्री ने ही स्वीकृति प्रदान की है। जय राम ठाकुर ने लोगों से केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को अपना पूरा समर्थन देने का भी आग्रह किया, ताकि विकास की यह गति आने वाले कई और वर्षों तक निर्बाध रूप से चलती रहे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का हिमाचल और यहां के लोगों के साथ विशेष जुड़ाव है और यही कारण है कि आज प्रदेश को देश की चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस केवल एक ट्रेन नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री पर राज्य के लोगों का विश्वास, प्रेम और आत्मविश्वास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य के हितों को छीन लिया था। जबकि, प्रधानमंत्री ने न केवल राज्य के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा बहाल किया, बल्कि राज्य के लिए कई विकासात्मक परियोजनाएं भी प्रदान कीं। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन को पूरा करने के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री वीरेंद्र कंवर, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, एस-।आईडीसी के अध्यक्ष राम कुमार, विधायक राजेश ठाकुर और बलबीर सिंह ने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया। प्रदेश मंत्रिमण्डल के सदस्य, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, विधायक और अन्य नेता भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### नेपाल स्कूल के शिक्षकों के 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ...

करना और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सीखने और बढ़ने में मदद करना है। सरकार के इस लक्ष्य को उन शिक्षकों के प्रयासों से सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा रहा है जिन्हें सरकार द्वारा उनके प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए वैश्विक स्तर पर ट्रेनिग दी गई। वहीं यात्रा के अपने उद्देश्य को साझा करते हुए, एक शिक्षाविद और प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ सदस्य श्याम लाल खरेल ने कहा, हम सरकारी स्कूलों में बदलाव लाने के लिए कई पहल शुरू कर रहे हैं। अपने स्कूलों में शिक्षा के सर्वोत्तम प्रथाओं को खोजने के लिए दिल्ली शिक्षा मॉडल को देखना हमारी पहली प्राथमिकता थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल से सीखने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिल्ली सरकार के फ्लैगशिप पाठ्यक्रमों की जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन प्रक्रिया को समझने की हमारी उत्सुकता है, जो हमें यहां लेकर आई है। वे यह देखकर चकित थे कि कैसे मौजूदा शिक्षकों को स्कूलों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए इतनी अच्छी तरह प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने नेपाल के छात्रों के लिए एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम और देशभक्ति पाठ्यक्रम को अपनाने में रुचि दिखाई। उल्लेखनीय है कि तीसरे दिन यह प्रतिनिधिमंडल शिक्षा व्यवस्था में सुधारों को बेहतर ढंग से समझने के लिए दिल्ली सरकार के कुछ और स्कूलों का भी दौरा करेगी।

### 15 अक्टूबर से दो दिवसीय मिस्र यात्रा पर रवाना होंगे ...

मिस्र द्विपक्षीय व्यापार 7।26 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया। मिस्र में भारतीय निवेश 3।15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। मिस्र में विनिर्माण, रसायन, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, खुदरा आदि जैसे क्षेत्रों में 50 से अधिक भारतीय कंपनियां सक्रिय रूप से मौजूद हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मिस्र की यात्रा हमारे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों के पूरे पहलू की समीक्षा करने और मिस्र के नेतृत्व के साथ पारस्परिक हित के मुद्दों की एक पूरी श्रृंखला को कवर करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी। बयान में आगे कहा गया है कि यह यात्रा सहयोग को गहरा करने और द्विपक्षीय साझेदारी में नई पहल का पता लगाने का अवसर प्रदान करेगी।

DELHI CRIME 14 oct 2022:Layout 1 10/13/2022 8:25 PM Page 4



# डब्ल्यूएचओ ने चेताया, दुनिया के सामने मंकीपॉक्स की महामारी का खतरा



**जेनेवा, (हि.स.)।** मंकीपॉक्स पूरी दुनिया के लिए मुसीबत बनने वाला है। पूरी दुनिया में मंकीपॉक्स से जुड़े मामलों की संख्या 70 हजार पार कर चुकने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सख्त चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएचओ ने साफ कहा है कि पूरी दुनिया के सामने मंकीपॉक्स की महामारी का खतरा मंडरा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनिया में मंकीपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुखिया टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने चेतावनी जारी कर कहा है कि आने वाले समय में दुनिया को मंकीपॉक्स की वजह से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में मंकीपॉक्स से जुड़े मामलों की संख्या 70 हजार पार कर चुकी है। इन मामलों में गिरावट दिखने के बाद भी एहतियात बरतना बंद नहीं करना चाहिए। पिछले एक सप्ताह में अमेरिकी महाद्वीप के कुछ देशों सहित 21 देशों में मंकीपॉक्स के मामले बढ़ते हुए देखे गए हैं। अमेरिकी महाद्वीप के देशों में तो दुनियाभर के कुल मामलों में से 90 प्रतिशत मामले मिले हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि मंकीपॉक्स के मामलों में गिरावट का समय भी सबसे खतरनाक साबित हो सकता है। इस दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन दुनिया में मंकीपॉक्स की परीक्षण क्षमता बढ़ाने के साथ निगरानी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने सूडान की इथियोपिया से लगती सीमा के पास शरणार्थी शिविर में मंकीपॉक्स से पैदा हो रही स्थिति को लेकर भी जिंता जाहिर की। साथ ही कहा कि कोरोना वायरस की तरह मंकीपॉक्स भी वैश्विक चिंता का विषय है।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को फिर लताड़ा, पूरे जम्मू कश्मीर को बताया भारत का अभिन्न हिस्सा



**न्यूयॉर्क, (हि.स.)।** संयुक्त राष्ट्र संघ में बार-बार अपमानित किये जाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को फटकारते हुए पूरे जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा करार दिया। संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान की बौखलाहट एक बार फिर सामने आई है। दरअसल हर मसले पर कश्मीर को बीच में लाने की आदत से बाज नहीं आ रहा है। जिस समय संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध पर चर्चा चल रही थी, पाकिस्तान के राजनयिक मुनीर अकरम ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध से कश्मीर की तुलना कर दी। भारत ने यह तुलना स्वीकार नहीं की और पाकिस्तान को उसकी इस हरकत के लिए जमकर लताड़ा। संयुक्त राष्ट्र संघ में में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को फटकारते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध जैसे गंभीर मुद्दे पर बहस हो रही है लेकिन आश्चर्य है कि फिर एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा इस मंच का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे देश (भारत) के खिलाफ तुच्छ और व्यर्थ टिप्पणी की जा रही है। भारतीय राजनयिक कंबोज ने कहा कि बार-बार झूठ बोलने वाली मानसिकता धारण करने वाले देश हमेशा सहानुभूति लेने की कोशिश करते हैं लेकिन इससे कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान के बाद पाकिस्तान सामूहिक अवमानना का पात्र है। जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा। पाकिस्तानी प्रतिनिधि के मानने या न मानने से इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम पाकिस्तान से आतंकवाद को रोकने के लिए कहते हैं ताकि नागरिक अपने जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का आनंद ले सकें। इसके बावजूद पाकिस्तान की ओर से लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता है।

# अब सऊदी अरब कंसल्टेंसी में 40 प्रतिशत स्थानीय लोगों को देगा नौकरियां, भारतीयों को झटका



**रियाद, (हि.स.)।** सऊदी अरब की सरकार ने अब कंसल्टेंसी बिजनेस में 40 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को देने का फैसला किया है। इससे भारतीयों को बड़ा झटका लगने की उम्मीद है, क्योंकि कंसल्टेंसी बिजनेस में भारत से सऊदी अरब जाने वालों की संख्या हर साल लाखों में होती है। सऊदी अरब के मानव संसाधन और सामाजिक मंत्रालय ने कंसल्टेंसी बिजनेस में स्थानीय नागरिकों की हिस्सेदारी बढ़ाने का फैसला किया है। तय किया गया है कि छह माह के भीतर यानी अप्रैल, 2023 तक कंसल्टेंसी बिजनेस में सऊदी नागरिकों की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत और उसके अगले साल यानी मार्च, 2024 तक 40 प्रतिशत कर लिया जाएगा। इस फैसले का वित्तीय प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, परियोजना प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सीधा असर पड़ेगा। सऊदी अरब के वित्त मंत्री मुहम्मद अल-जादान ने कंसल्टेंसी सेवाओं की शर्तों में संशोधन की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने कंसल्टेंसी कंपनियों में स्थानीय लोगों को 40 प्रतिशत नौकरियां सुनिश्चित करने के लिए कहा है। दरअसल, लंबे समय से सऊदी कंपनियों पर विदेशी कामगारों की जगह सऊदी नागरिकों को नौकरी देने का दबाव बनाया जा रहा है। इस फैसले का असर भारतीयों पर भी पड़ेगा, क्योंकि सऊदी अरब में काम करने वाले विदेशी कामगारों में भारतीयों की संख्या बहुत अधिक है। हर साल लाखों लोग भारत से सऊदी अरब काम करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों के लिए 40 प्रतिशत नौकरियों की बाध्यता लागू होने से भारतीय लोगों के लिए नौकरियों की संभावनाएं कम हो जाएंगी।

# भारत के नकद हस्तांतरण योजना की तारीफ, आईएमफ ने कहा- दूसरे देशों को भारत से सीखना चाहिए




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को भारत के नकद हस्तांतरण योजना की मुक्तकंठ से सराहना की है। आईएमएफ के वित्तीय मामलों के विभाग के उप निदेशक पाओलो मोरो के मुताबिक, भारत के विशाल आकार को देखते हुए नकद हस्तांतरण योजना का क्रियान्वयन लॉजिस्टक चमत्कार है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों को भारत से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। पाओलो मोरो ने आईएमएफ और विश्व बैंक समूह (डब्लूबीजी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वार्षिक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमारे पास हर महाद्वीप और आय के हर स्तर के उदाहरण हैं। उन्होंने भारत की विशालता और आबादी को रेखांकित करते हुए कहा कि नकद हस्तांतरण योजना लॉजिस्टक चमत्कार है। आश्चर्यजनक तरीके से यह योजना कम आय वाले लाखों लोगों तक पहुंचायी जाती है।

ऐसे कार्यक्रम हैं जो विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों को लक्षित करते हैं। भारत के नकद हस्तांतरण योजना को यह प्रशंसा ऐसे समय में मिली है जब देश, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखा है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की हत्या करने वाले कोरियाई हमलावर ने जताया अफसोस



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की हत्या करने के बाद कोरियाई साथी ने अफसोस जाहिर किया है। इसके साथ ही उसने भारतीय छात्र पर ब्लैकमेलिंग का आरोप भी लगाया है। दोनों छात्रावास के एक ही कमरे में रहते थे। इंडियाना पोलिस के 20 वर्षीय वरुण मनीष छेडा का शव पिछले हफ्ते बुधवार को परिसर के पश्चिमी किनारे पर स्थित मैक कुत्चेओन हाल में मिला था। अमेरिकी पुलिस ने इस मामले में जूनियर साइबर सुरक्षा प्रमुख एवं कोरिया के अंतरराष्ट्रीय छात्र जी मिन 'जिम्मी' शा को गिरफ्तार किया है। वरुण छेड़ा की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार होने के बाद शुक्रवार को 22 वर्षीय जिम्मी को टिप्पैकैनोए काउंटी मजिस्ट्रेट साराह व्याट के सामने पेश किया गया। कोर्ट में आरोपित ने बताया कि मुझे ब्लैकमेल किया गया था। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में इस बारे में विस्तार से नहीं बताया गया। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें पीड़ित परिवार से इस बारे में कुछ कहना है तो कोरियाई छात्र शा ने जवाब दिया कि मुझे हत्या को लेकर खेद है। पिछले हफ्ते वरिष्ठ डेटा साइंस प्रमुख शा को कथित तौर पर वरुण छेड़ा की हत्या को लेकर जेल भेजा गया था। इस मामले वह बड़बड़ाता हुआ दिखाई दिया कि मैं अपने परिवार से प्यार करता हूं। भारतीय मूल के छात्र की मौत को लेकर टिपेकेनो काउंटी के कोरोनर ने कहा था कि वरुण छेड़ा की घातक चोटों से मौत हो गई। शा ने बुधवार को लगभग 12:45 बजे पुलिस को फोन किया था। उसने कहा कि उसने अपने रूममेट को मैककचियन हाल के उसके कमरे में चाकू मार दिया। पुलिस ने वरुण छेड़ा का शव एक कुर्सी पर बैठे हुए और खून से लथपथ पाया था। पुलिस कर्मियों ने यह भी देखा कि वहां दीवार पर खून के छींटे दिखाई दिए। इसके साथ ही खून की बड़ी मात्रा और फर्श पर एक मुड़ा हुआ चाकू पाया था। संदिग्ध ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि चाकू उसका था और उसने इसका इस्तेमाल अपने रूममेट को मारने के लिए किया था। छेड़ा के दोस्तों ने कहा है कि वरुण शा के साथ जुआ खेलते थे।

# यूएनजीए में रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव, दूर रहा भारत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में बुधवार को यूक्रेन के चार इलाकों पर रूस के कब्जे का विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया जिसके पक्ष में 143 सदस्य देशों ने मतदान किया। जबकि पांच देशों ने प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया। भारत सहित 35 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया और अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के के खिलाफ एक और निंदा प्रस्ताव पर मतदान के समय भारत अनुपस्थित रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के संदर्भ में यूएनजीए में कहा कि मतभेदों और विवादों को सुलझाने के लिए संवाद ही एकमात्र उपाय है चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। भारत तनाव कम करने के उद्देश्य किए गए सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मतदान से दूर रहने का हमारा फैसला हमारी सुविचारित राष्ट्रीय स्थिति के अनुरूप है।

## आज का इतिहास 14 अक्टूबर

1661 विलियम के नेतृत्व में नारमैन्स ने हेस्टिंग्स की लड़ाई में ब्रिटिश फौजों को शिकस्त दी।
1813 बावरिया ने फ्रांस के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
1861 नेपोलियन बोनापार्ट ने प्रसियाई फौजों को जेना में शिकस्त दी।
1931 फिनलैंड में फासिस्टों की सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश नाकाम हो गई।
1933 जर्मनी निरस्त्रीकरण सम्मेलन औप लीग ऑफ नेशंस से अलग हुआ।
1936 बेल्जियम ने फ्रांस से सैन्य गठबंधन तोड़ लिया।
१९३९ द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटिश युद्धपोत रायल ओक 81 व्यक्तियों सहित डूबो दिया गया।
1944 द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटिश और यूनानी सैनिकों ने एथेंस को मुक्त कराया।
1955 पश्चिम पाकिस्तान प्रांत अस्तित्व में आया।
1956 डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण की।
1968 अपोलो-7 से पहली बार टेलीविजन प्रसारण किया गया।
1971 फिलीपींस में तूफान से आठ सौ से अधिक लोग मारे गए।
1973 थाईलैंड में छात्रों और सैनिकों के झड़पों के बाद सान्या थम्मसाक प्रधानमंत्री बने।
1988 यूगोस्लाव सरकार ने वेतन में बढ़ोत्तरी की घोषणा की।
1989 जार्डन में राष्ट्रीय चुनावों के लिए अभियान शुरू हुआ।
1991 म्यांमार की नेता आंग सान सू को नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा की गई।
2002 प्रसिद्ध अभिनेता सलमान खान की जमानत याचिका खारिज, एक सप्ताह की जेल
2005 पुलिस मुठभेड़ में कुखअयात डाकू निर्भय गुज्जर घायल व उसके दो साथी मारे गए।

# उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की स्ट्रेटेजिक क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया

**सियोल (ईएमएस)।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका की संयुक्त ड्रिल के बाद उत्तर कोरिया लगातार मिसाइल टेस्ट करने में जुटा हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की स्ट्रेटेजिक क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। लगातार हो रहे परमाणु हथियारों के परीक्षणों ने जहां कोरियाई द्वीप पर तनाव बढ़ा दिया है तो वहीं इस आशंका को भी बढ़ा दिया है कि प्योंगयांग 2017 के बाद से अपना पहला परमाणु परीक्षण कर सकता है। जानकारी के अनुसार किम ने व्यक्तिगत रूप से मिसाइलों के परीक्षण का बुधवार को निरीक्षण किया। स्थानीय मीडिया के अनुसार यह मिसाइल समुद्र से होते हुए करीब 2,000 किलोमीटर दूर जाकर गिरी है। प्रोजेक्टाइल ने अपने तय लक्ष्यों को निशाना बनाया था, लेकिन टारगेट पर अधिक जानकारी साझा नहीं की गई। उत्तर कोरियाई नेता ने परीक्षणों पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की, जो मिसाइलों की युद्ध क्षमता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन टैक्टिकल परमाणु हथियारों को जल्द कोरियाई पीपुल्स आर्मी की इकाइयों में तैनात किया जाएगा। उत्तर कोरिया ने कहा कि अभी इस सप्ताह उसके हालिया मिसाइल परीक्षणों में टैक्टिकल न्यूक्लियर ड्रिल भी शामिल है। जो दक्षिण दिशा में अटैक करने पर केंद्रित होगी। पहले भी उत्तर कोरिया के आक्रामक रवैये के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, अल्बानिया, नॉर्वे और आयरलैंड ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक बुलाई थी। वहीं उत्तर कोरिया का विदेश मंत्रालय भी एक बयान में दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त अभ्यास पर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुका है।

# रूसी हमले से जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र की बाहर से विद्युत आपूर्ति रुकी

**कीव, (हि. सं.)।** यूक्रेन पर रूस के लगातार हमले के कारण यूरोप के सबसे बड़े जापरिज्जिया परमाणु संयंत्र में पांच दिन में दूसरी बार बाह्य बिजली आपूर्ति रुक गई है। इससे विकिरण (रेडिएशन) आपदा का खतरा बना हुआ है, क्योंकि संयंत्र में महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण संचालित करने के लिए बिजली की आवश्यकता होती है। संयंत्र के संचालक एनरगोएटॉम ने बताया कि रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में तब बिजली गुल हो गई, जब एक मिसाइल ने बिजली उपकेंद्र (इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन) को क्षतिग्रस्त कर दिया। युद्ध के कारण संयंत्र के सभी छह रिएक्टरों को बंद कर दिया गया था। फिर भी उपकरण को गर्म होने से रोकने के लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। उपकरण गर्म होकर पिघल सकते हैं, जिसके कारण रेडिएशन फैल सकता है। एनरगोएटॉम ने बताया कि डीजल से चलने वाले जेनरेटर से संयंत्र को बिजली की आपूर्ति की जाती है लेकिन रूसी बलों ने वैकल्पिक उपकरण के लिए अतिरिक्त ईंधन लाने वाले काफिले को रोक दिया है। क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस से जोडऩे वाले पुल पर शनिवार को हुए विस्फोट के जवाब में यूक्रेन पर रूस ने ताबड़तोड़ बमबारी की है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि इन हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है और 34 लोग जख्मी हुए हैं। बमबारी में ऊर्जा संयंत्रों और असैन्य इमारतों को निशाना बनाया गया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गलुशचेंको ने बुधवार को बताया कि बीते दो दिनों में रूस के हमलों में यूक्रेन की करीब एक तिहाई ऊर्जा अवसंरचना क्षतिग्रस्त हुई है। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, माइकोलाइव शहर के पास यूक्रेन के बलों ने नौ ईरानी शहीद-136 ड्रोन और आठ मिसाइलों को मार गिराया।

# दुनिया में मंकीपॉक्स के 70 हजार से ज्यादा मामले

**जिनेवा (ईएमएस)।** दुनिया में मंकीपॉक्स के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर मामलों की संख्या अब 70,000 से ऊपर जा चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने घोषणा की कि नए मामलों में गिरावट का मतलब यह नहीं है कि लोगों को मंकीपॉक्स से बचने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों को छोड़ देना चाहिए। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अमेरिका में मामलों की संख्या बढ़ रही है। संगठन ने जोर देकर कहा कि दुनिया भर में ताजा मामलों में कमी देखी जा रही है, लेकिन यह मंकीपॉक्स की लहर के लिए सबसे खतरनाक समय हो सकता है। खबरों के मुताबिक डब्ल्यूएचओ के प्रमुख डॉ. टेड्रोस गेब्रियेसस ने कहा कि इस साल संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी के सामने मंकीपॉक्स के 70,000 से अधिक मामले सामने आए है। इससे अब तक 26 लोगों की मौत हुई है। जिनेवा में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर मामलों में गिरावट जारी है, लेकिन पिछले सप्ताह में 21 देशों ने मामलों में वृद्धि दर्ज की है। यह वृद्धि ज्यादातर अमेरिका में देखी गई है, जो पिछले सप्ताह दर्ज किए गए सभी मामलों का लगभग 90 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि मामलों में गिरावट मंकीपॉक्स की लहर के लिए खतरनाक हो सकता है, क्योंकि हम यह सोचने लगते हैं कि संकट अब खत्म हो गया है और हम सुरक्षा के लिए अपनाए जाने वाले उपायों को नजरअंदाज करने लगते हैं।




कोरोना महामारी का खतरा कम होने के बाद पहली पार ताइवान पहुंचे थाइलैंड के यात्रियों का शानदार स्वागत हुआ। (फोटो-ईएमएस)

# सरकार अप्रैल 2023 से सख्ती से लागू एमिशन नॉम्स को

## -सभी गाड़ियों को बीएस-6 स्टेज 2 के मानकों पर बनाना होगा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अप्रेल 2023 से सरकार एमिशन नॉम्स को सख्ती से लागू करने वाली है। ऐसे में मैन्युफैक्चिरिंग कंपनियों को अपनी सभी गाड़ियों को बीएस-6 स्टेज 2 के मानकों पर बनाना होगा। फिलहाल कंपनियां इस स्टेज के लिए काम कर रही हैं। ऐसा होने पर एमिशन नॉम्स यूरो 6 के मानकों के समान हो जाएंगे। अब कारों की कीमतों में इजाफा इस कारण से होगा कि कंपनियों को नए एमिशन नॉर्म्स के अनुसार गाड़ियों के इंजन और उसके डिजाइन में बदलाव करने होंगे। ऐसा करने पर मैन्युफैक्चिरिंग इक्विपमेंट्स भी बदलने होंगे। ऐसे में कार कंपनियों की लागत बड़ेगी। ऐसे में ये बढ़ा हुआ पैसा आखिरकार कार ग्राहकों को ही अपनी जेब से चुकाना होगा। बीएस 6 स्टेज 2 के अकॉर्डिंग वाहनों के निर्माण के लिए कारों में ऐसा एक्विपमेंट भी लगाना होगा जो एमिशन के लेवल को गाड़ी चलने के दौरान ही मॉनिटर कर सके। ये इक्विपमेंट कार के कैटेलिक कन्वर्टर और ऑक्सीजन सेंसर्स को मॉनिटर करेगा। एमिशन का लेवल ज्यादा होने पर ये इक्विपमेंट चेतावनी देगा और बताएगा कि कार की सर्विसिंग का समय आ गया है। इसके साथ ही कारों में प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्टर लगाया जाएगा जो कार के माइलेज को बढ़ाने का काम करेगा और ज्यादा फ्यूल खर्ज होने से रोकेगा। इसके साथ ही कारों में लगने वाली सेमिकंडक्टर चिप को भी अब नए नॉर्म्स के अनुसार अपडेट करना होगा जो कि एक लंबा चौड़ा प्रोसेस बन कर सामने आएगा। ये सभी बातें मिल कर कारों की प्रोडक्शन कॉस्ट को बढ़ा देंगी। इस संबंध में ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट्स का कहना है कि नए नॉर्म्स के आने से वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि ये उतनी नहीं होगी जितनी बीएस 4 से बीएस 6 स्टेज 1 तक जाने के दौरान हुई थी। लेकिन पहली स्टेज के मुकाबले दूसरी स्टेज में ये बढोत्तरी लोगों की जेब पर कुछ तो भार डालेगी। हालांकि ये कितनी होगी इसका फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है क्योंकि ये कारों के मॉडल और इंजन कैपेसिटी के अनुसार अलग अलग होगी। अगर आप भी कार खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो जल्द खरीद लें, क्योंकि ऐसा हो सकता है कि आने वाले कुछ ही दिनों में गाड़ियों की कीमतों में इजाफा हो जाए।

# देश के कुछ राज्यों में सस्ता मिलेगा पेट्रोल और डीजल

## - ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 92.37 डॉलर प्रति बैरल पर




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश की सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार सुबह पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी कर दी है। गुरुवार को कुछ राज्यों में कीमतें कम हो गई हैं, वहीं कुछ राज्यों में बढ़ोतरी भी देखने को मिली है। अच्छी बात यह है कि देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 92.37 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई 87.13 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। बिहार में पेट्रोल 51 पैसे घटकर 109.15 रुपए प्रति लीटर और डीजल 48 पैसे घटकर 95.80 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं पंजाब में 22 पैसे घटकर पेट्रोल 96.68 रुपए और डीजल 21 पैसे घटकर 87.03 रुपए पर आ गया है। राजस्थान में पेट्रोल 15 पैसे घटकर 108.54 रुपए और डीजल पैसे घटकर 93.78 पर आ गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में भी 20 पैसे घटकर पेट्रोल 96.51 रुपए और डीजल 89.67 रुपए प्रति लीटर आ गया है। दूसरी तरफ हिमाचल, गुजरात और तेलंगाना में कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# आरबीआई ने इकाइयों को ब्रिकवर्क से नई रेटिंग लेने से मना किया

**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उसके दायरे में आने वाली इकाइयों को ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया से नई रेटिंग लेने से मना किया। सेबी के ब्रिकवर्क को अपना परिचालन समेटने के निर्देश के बाद आरबीआई ने यह कहा है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने छह अक्टूबर को ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया के लाइसेंस को रद्द कर दिया। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी से आदेश की तिथि से छह महीने के भीतर परिचालन बंद करने को कहा गया है। आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के रेटिंग एजेंसी का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने का हवाला देते हुए अपने दायरे में आने वाली इकाइयों, बाजार प्रतिभागियों को ब्रिकवर्क से नया कोई रेटिंग नहीं लेने को कहा है। इकाइयों से उक्त रेटिंग एजेंसी की सेवा तत्काल बंद करने को कहा गया है। केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाली इकाइयों में बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, क्रेडिट इनफॉर्मेशन ब्यूरो, आवास वित्त कंपनियां समेत अन्य शामिल हैं। आरबीआई ने कहा कि रेटिंग एजेंसी की तरफ से जारी मौजूदा साख की स्थिति को लेकर निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सेबी ने छह अक्टूबर को ब्रिकवर्क की तरफ से कई नियमों के उल्लंघन का जिक्र किया था। इसमें उपयुक्त रेटिंग प्रक्रिया का अनुपात और रेटिंग देने से पहले जांच-पड़ताल करने में विफल रहना शामिल हैं। बाजार नियामक ने कंपनी को नये ग्राहक जोड़ने से प्रतिबंधित कर दिया है।

# मेडेन फार्मा की सोनीपत इकाई में दवा बनाने पर रोक




**सोनीपत (ईएमएस)।** हरियाणा सरकार ने मेडेन फार्मास्युटिकल्स की सोनीपत स्थित इकाई में दवा निर्माण पर रोक का आदेश जारी किया है और हाल में निरीक्षण के दौरान पाए गए कई उल्लंघनों पर एक सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है, अन्यथा उसे लाइसेंस निलंबित या रद्द होने का सामना करना होगा। डब्ल्यूएचओ द्वारा अफ्रीकी देश गांबिया में 66 बच्चों की मौत का संभावित कारण कंपनी द्वारा निर्मित खांसी के सिरप को बताए जाने के कुछ दिन बाद रोक का यह आदेश आया है। विज ने बताया कि हमने आदेश दिया है कि इकाई में सभी तरह के दवा निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। विज ने कहा कि घटना के बाद राज्य एवं केंद्र की एक संयुक्त टीम ने इकाई का निरीक्षण किया और 12 उल्लंघन या त्रुटियां पाई। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर राज्य सरकार ने कंपनी की इस इकाई में दवा निर्माण पर रोक का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि खांसी के जिन चार सिरप के नमूनों को जांच के लिए कोलकाता में केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला भेजा गया है, उनकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर हम आगे की कार्रवाई करेंगे।

# देश का कर्ज जीडीपी अनुपात 84 फीसदी रह सकता है: मुद्रा कोष

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** भारत का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में इस साल 84 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अधिक है। हालांकि अच्छी बात यह है कि भारत का कर्ज ऐसा है, जिसको संभालने को लेकर कोई बड़ी समस्या नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के उप-निदेशक (राजकोषीय मामले) पॉउलो माउरो ने कहा कि भारत के लिए जरूरी है कि उसके पास राजकोषीय मोर्चे पर मध्यम अवधि का लक्ष्य बिल्कुल साफ हो। राजकोषीय स्थिति को स्थिर बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर कई चीजें स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों और निवेशकों को आश्वस्त करना बहुत महत्वपूर्ण होगा कि चीजें नियंत्रण में है। आने वाले समय में स्थिति बिगड़ेगी नहीं।' माउरो ने कहा कि कर्ज अनुपात के संदर्भ में हमारा अनुमान है कि भारत का कर्ज-जीडीपी अनुपात करीब 84 प्रतिशत रहेगा। यह कई उभरते देशों के मुकाबले ज्यादा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने और एक बहुत बड़ी उभरती हुई अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत की बहुत सी खास विशेषताएं हैं। आईएमएफ के अधिकारी ने कहा कि वैश्विक स्थिति और विभिन्न देशों में हालात को देखते हुए, मुद्रास्फीति थोड़ी ऊंची है। इन सभी चीजों को देखते हुए घाटा कम करना और समय के साथ कर्ज को धीरे-धीरे कम करना जरूरी जान पड़ता है। भारत के पक्ष में एक और अच्छी चीज आर्थिक वृद्धि दर का ऊंचा बने रहना है। यह अनुपात को स्थिर स्तर पर बनाए रखने में मदद करता है।

# सितंबर में भी मारुति ब्रेजा नंबर 1 कॉम्पैक्ट एसयूवी रही

## -नेक्सॉन को पीछे छोड़ा, पंच की भी बंपर सेल




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बीते सितंबर महीने में भी मारुति ब्रेजा नंबर 1 कॉम्पैक्ट एसयूवी रही। एक बार फिर ब्रेजा ने पॉपुलर टाटा नेक्सॉन को पीछे छोड़ दिया। सितंबर 2022 में मारुति ब्रेजा की 15,445 यूनिट्स सेल हुईं। वहीं सितंबर 2021 में इस कार की सिर्फ 1,874 यूनिट्स सेल हुई थी। भारत के ऑटोमोबाइल बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट बेहद पॉपुलर है। सितंबर 2022 के कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट के सेल्स के आंकड़े जारी हो गए हैं। ब्रेजा की सेल में 724 पर्सेंट की ग्रोथ देखी गई। वहीं नेक्सॉन भी ब्रेजा से ज्यादा पीछे नहीं रही। नेक्सॉन की 14,518 यूनिट्स सितंबर में सेल हुई।पंच माइक्रो एसयूवी घरेलू कुल 12,251 यूनट्सि के साथ तीसरे स्थान पर रही। नेक्सॉन और पंच दोनों ने पिछले महीने घरेलू ऑटो प्रमुख के लिए 26,000 से अधिक यूनिट की बिक्री में योगदान दिया। फाइव-सीटर की ग्लोबल एनकैप सेफ्टी रेटिंग फाइव स्टार है और यह अल्फा प्लेटफॉर्म पर आधारित है। यह पिछले साल के अंत में बाजार में अपनी शुरूआत के बाद से बिक्री में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अधिक शक्तिशाली एक्सयूवी300 टर्बो स्पोटर्स वैरिएंट को कुछ दिन पहले पेश किया गया था। रेनॉल्ट किगर अपने भाई निसान मैग्नाइट के बाद आठवें स्थान पर रही, जबकि टोयोटा अर्बन क्रूजर और होंडा डब्ल्यूआर-वी शीर्ष दस में रही। हुंडई की वेन्यू कुल 11,033 यूनट्सि के साथ चौथे स्थान पर रही, जबकि 2021 में इसी अवधि के दौरान 7,924 यूनट्सि की बिक्री में 39.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। फेसलिफ़्टेड वेन्यू को कुछ महीने पहले बाहरी और आंतरिक बदलावों के साथ लॉन्च किया गया था, और हाल ही में वेन्यू एन लाइन ने रेंज का और विस्तार करने के लिए शुरूआत की।

# सोना और चांदी में हल्की बढ़त

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वैश्विक बाजार और भारतीय वायदा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव तेज हुआ है। भारतीय बाजार में चांदी में भी हल्की तेजी देखी जा रही है, लेकिन वैश्विक बाजार में इसका भाव गिरा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव गुरुवार को शुरूआती कारोबार में 0.02 फीसदी चढ़ गया है। वहीं चांदी के भाव में एमसीएक्स पर 0.04 फीसदी की तेजी आई है। गुरुवार को एमसीएक्स पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह 11 रुपए तेजी के साथ 50,916 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने का भाव सुबह 50,891 रुपए पर खुला था। एक बार यह 50,918 तक गया था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी के भाव में थोड़ी गरमी देखी जा रही है। चांदी 23 रुपए तेज होकर 57,348 रुपए हो गई है। चादी 57,374 रुपए से शुरू हुई। एक बार भाव 57,400 रुपए हो गया लेकिन कुछ समय बाद यह 57,348 रुपए पर कारोबार करने लगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में आज तेजी है। वहीं चांदी में गिरावट है। सोने का हाजिर भाव 0.32 फीसदी चढ़कर 1,669.0.6 डॉलर प्रति औंस हो गया है। पिछले कई कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद सोना संभला है। चांदी के भाव में भी गिरावट आई है। चांदी का हाजिर भाव 0.79 फीसदी गिरा है और भाव 18.98 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

# मस्क ट्विटर पर खुद को बता रहे 'परफ्यूम सेल्समैन'!




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दुनिया के रईसों में से एक एलन मस्क ने इन दिनों परफ्यूम के कारोबार में प्रवेश किया है। बर्न्ट हेयर नाम से लॉन्च ब्रैंड की दो दिन के भीतर 20,000 से ज्यादा बोतलें बिक चुकी हैं। बर्न्ट हेयर परफ्यूम की एक बोतल 100 डॉलर में बिकती है। इसकी डिलिवरी 2023 की पहली तिमाही से शुरू होगी। मस्क ने ट्विटर पर अपना बायो बदल लिया है और खुद को 'परफ्यूम सेल्समैन' बता रहे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि मस्क ने ट्विटर को 54.20 डॉलर प्रति शेयर पर खरीदने का प्रस्ताव दिया है। दोनों के बीच 44 अरब डॉलर की डील हुई थी। मस्क इतनी पूंजी कहां से लाएंगे? इस सवाल का ही जवाब है बर्न्ट हेयर परफ्यूम। मस्क ने एक ट्वीट में लोगों से उनका परफ्यूम खरीदने को कहा ताकि वे ट्विटर को खरीद सकें। मस्क ने यह परफ्यूम अपनी टनलिंग फर्म बोरिंग कंपनी के जरिए लॉन्च किया है। इस कंपनी का पूंजीकरण 5.7 बिलियन डॉलर है। 2018 की शरूआत में कंपनी ने 500-500 डॉलर में फ्लेमथ्रोअर्स बेचकर 10 मिलियन डॉलर कमाए थे। कंपनी की 50 हजार हैट्स भी बिकीं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू में मस्क ने कहा था कि उन्हें ट्विटर पर खुद को व्यक्त करना बेहद चिकित्सीय लगता है।

# स्मार्टफोन रेडमी ए1 प्लस जल्द होगा लॉन्च

## -भारत में 14 अक्टूबर को होगा लॉन्च




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्मार्टफोन रेडमी ए1 प्लस जल्द लॉन्च होगा। यह स्मार्टफोन भारत में 14 अक्टूबर को लॉन्च होने की संभावना है। कंपनी का लॉन्च इवेंट ऑफिशियल यूट्यूब पेज और सोशल मीडिया चैनल पर लाइव किया जाएगा। रेडमी ने अपने इस आने वाले फोन के कुछ फीचर्स और डिजाइन के बारे में जानकारी दे दी है। जानकारी के मुताबिक रेडमी ए1प्लस को तीन कलर वेरिएंट ब्लू, ग्रीन, और ब्लैक में पेश किया जाएगा।फोन को लेकर कुछ जानकारियां कंफर्म हो गई हैं, और मालूम हुआ है कि फोन में डुअल रियर कैमरा सेटअप और वॉटर ड्रॉप नॉच डिस्प्ले दिया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये फोन एंड्रॉयड 12 पर काम करेगा। उम्मीद की जा रही है कि ये फोन मीडियाटेक हेलियो ए22 चिपसेट के साथ आएगा, और इसमें 3जीबी रैम और 64जीबी की इंटरनल स्टोरेज दी गई है। कैमरे के तौर पर इस फोन में डुअल रियर कैमरा सेटअप जिया जाएगा, जो कि 8 मेगापिक्सल प्राइमेरी सेंसर और 2 मेगापिक्सल डेप्थ सेंसर के साथ आएगा। सेल्फी के लिए इस फोन में 5 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया जाएगा।उम्मीद की जा रही है कि इस फोन में 6.52 इंच का एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है, जो कि 1600700 पिक्सल के साथ आ सकता है। ये फोन रियर माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर के साथ आता है। पावर के लिए रेडमी ए1 प्लस में 5000एमएएच की बैटरी दी जाएगी, जो कि 10 डब्ल्यू की चार्जिंग सपोर्ट के साथ आएगी।

# भारत में टैबलेट नोकिया टी10 लॉन्च

## -इन टेबलेट को देगा कड़ी टक्कर



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय बाजार में नोकिया ने एक टैबलेट नोकिया टी10 लॉन्च किया है।भारत में अब नोकिया टी10 के वायफाय और एलटीई वेरिएंट दोनों ही उपलब्ध हैं। कंपनी ने अब इसका एलटीई वेरिएंट पेश किया है। ग्लोबल मार्केट में कंपनी पहले ही अपने अफोर्डेबल टैबलेट को लॉन्च कर चुकी है। टैबलेट के दोनों ही वेरिएंट एक ही स्पेसिफिकेशन्स के साथ आते हैं।इनमें सिर्फ एलटीई और वायफाय का अंतर है। वाईफाई वेरिएंट के मुकाबले एलटीई वेरिएंट की कीमत थोड़ी ज्यादा है। नोकिया टी10 एक बजट टैलबेट है, जिसका सीधा मुकाबला रियलमी पेड, रेडमी पेड और दूसरे डिवाइसेस है। आइए जानते हैं इनकी कीमत और दूसरे स्पेसिफिकेशन्स।नोकिया का यह टैबलेट दो रैम और स्टोरेज कॉन्फिग्रेशन में आता है। इसके 3जीबी रैम + 32जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 12,799 रुपये है। वहीं इसका 4जीबी रैम + 64जीबी स्टोरेज वाला वेरिएंट 13,799 रुपये में आता है। इसे आप अमेजन और नोकिया की आधिकारिक वेबसाइट से खरीद सकते हैं। टैबलेट सेल पर 15 अक्टूबर से उपलब्ध होगा।नोकिया का यह टैबलेट एक एंट्री लेवल यूजर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

इसमें 8-इंच का एलसीडी डिस्प्ले मिलता है, जो एचडी रेज्योलूशन के साथ आता है। इस पर आप नेटफलीक्स एचडी कंटेंट भी देख सकते हैं। टैबलेट सिंगल रियर कैमरा सेटअप के साथ आता है, जो रियर साइड में दिया गया है। इसमें 8एमपी का लेंस और एलईडी फ्लैश दिया गया है।फ्रंट में कंपनी ने 2एमपी का सेल्फी कैमरा दिया गया है। डिवाइस 1,6जीएचझे यूनिसोक टी606 चिपसेट पर काम करता है, जो माली जी57 एमपी1 जीपीयू के साथ आता है। डिवाइस को पावर देने के लिए 5250 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 10 डब्ल्यू की चार्जिंग सपोर्ट करती है। इसमें 4जी एलटीई, डयूल बंद वायफाय, ब्ल्यूटूथ और यूएसबी-सी पोर्ट दिया गया है। इसमें 4 जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज ऑप्शन मिलता है। स्टोरेज को आप 512जीबी तक माइक्रो एसडी कार्ड की मदद से एक्सपैंड कर सकते हैं। टैबलेट एंड्राएड 12 पर काम करता है। इसमें दो एंड्रॉयड अपडेट और तीन साल तक मंथली सिक्योरिटी अपडेट मिलता रहेगा।

## दैनिक पंचांग

**14 अक्टूबर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.16 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 08.30 ब.से |
| मंगल | वृष में | धनु | 10.46 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 12.51 बजे से |
| गुरु | मीन में | कुंभ | 14.38 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.11 बजे से |
| शनि | मकर में | मेष | 17.41 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.21 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.19 बजे से |
| | | कर्क | 23.33 बजे से |
| **राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक | | सिंह | 01.49 बजे से |
| | | कन्या | 04.01 बजे से |

**शुक्रवार** 2022 वर्ष का 287 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 04.53 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 20.47 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 13.57 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 15.57 बजे तदनन्तर तैतिल 04.53 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 03' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871401 **जूलियन दिन** 2459866.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 17 **विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, पूर्वे शुक्रास्त पूर्वे, तिथि पंचमी, शुक्रवासरे, रोहिणी नक्षत्रें, व्यय योगे, कौलव करणे, वृष की चंद्रमा, लघु वृक्षारोपण, व्यापार मुहूर्त सर्वार्थ सिद्ध योग, सूती स्नान, जातकर्म, नामाकरण, क्रय विक्रय मुहूर्त, दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होवेगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल....... .**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, कुशल व्यापारी, उत्तम कार्यकर्ता, लकड़ी का व्यापारी, ठेकेदार तथा आरा मशीन वाला, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम व्यापारी होगा।**

**मेष :-** कार्यकुशलता एवं समृद्धि के योग फलप्रद हों तथा उत्साह से कार्य बनेंगे, धैर्य से कार्य करें।

**वृष :-** कार्य तत्परता से लाभ होगा एवं इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, रुके कार्य तत्काल बना लेवे।

**मिथुन :-** व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य शनैः शनैः बन जायेंगे।

**कर्क :-** धन सोच-समझकर व्यय करें अन्यथा हानि की संभावना होगी, मानसिक विभ्रम, भय-क्लेश होगा।

**सिंह :-** समय अनुकूल नहीं, विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेनदेन के मामले में हानि हो सकती है।

**कन्या :-** मानसिक विभ्रम के कारण किसी विभ्रम में फंस सकते हैं, सतर्कता से कार्य अवश्य करें।

**तुला :-** भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य अवश्य बनेंगे, कार्यकुशलता से संतोष होगा।

**वृश्चिक :-** कार्यकुशलता से संतोष, कार्य योजना फलीभूत होगी, सफलता के साधन अवश्य जुटायें।

**धनु :-** धन लाभ, सफलता के साधन जुटायें, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, ध्यान अवश्य रखें।

**मकर :-** आरोप-प्रत्यारोप व क्लेश सम्भव, धन लाभ आशानुकूल, सफलता का हर्ष होगा।

**कुम्भ :-** इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, स्त्री शरीर कष्ट, चिन्ता व असमंजस से बचकर चलें।

**मीन :-** इष्ट मित्र सहायक रहें, दैनिक कार्य में अनुकूलता बनेगी, ध्यान रखकर कार्य करें उत्तम होगा।

DELHI CRIME 14 oct 2022:Layout 1 10/13/2022 8:25 PM Page 6



# मैंने नवीन से अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने और कड़ी मेहनत करने के लिए कहा : कृष्ण हुड्डा



**बेंगलुरु, (हि.स.)।** दबंग दिल्ली केसी बुधवार को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में अपने विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 मैच के दौरान यूपी योद्धा के खिलाफ पहले हाफ के अंत में 19-25 से छह अंकों से पीछे चल रही थी। हालांकि, कप्तान नवीन कुमार और मंजीत के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अंत में दिल्ली ने 44-42 से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के बारे में दिल्ली के मुख्य कोच कृष्ण हुड्डा ने कहा, "मैंने नवीन से कहा कि मुझे हाफ-टाइम पर परिणाम की परवाह नहीं है। यह एक लीग मैच है। इसलिए, मैंने उसे अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने और कड़ी मेहनत करने के लिए कहा। मुझे पता था कि हम मैच जीतेंगे। प्रशंसकों के अपार समर्थन ने भी हमारे खेल के दौरान हमारी मदद की। नवीन हमारे साथ हैं तो जाहिर है कि प्रशंसक हमारी तरफ होंगे।" इससे पहले दिन में, बंगाल वॉरियर्स ने विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में बेंगलुरु बुल्स को 42-33 से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। डिफेंडर गिरिश मारुति एर्नाक, जिन्होंने मैच में 5 अंक अर्जित किये, ने कहा, "मेरे फॉर्म का श्रेय मेरे कोच को जाता है। उन्होंने सीजन से पहले हमें अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया। हमारे कोच ने मेरी सभी कमजोरियों पर काम किया और मुझे आत्मविश्वास दिया। कोच ने मुझे स्वतंत्र रूप से खेलने और कोई दबाव नहीं लेने के लिए कहा है। मैं अपना 100 प्रतिशत मैट पर देना चाहता हूं।"

# भारत ने लगातार आठवीं बार किया फाइनल में प्रवेश

## -सेमीफाइनल में थाईलैंड को 74 रन से हराया




**सिलहट, (हि.स.)।** भारत ने पहले सेमीफाइनल में थाईलैंड को 74 रनों से हराकर लगातार आठवीं बार महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाए। जवाब में थाईलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 74 रन ही बना सकी। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड की शुरूआत बिगाड़ दी। दीप्ति ने नन्नापत कोंचरोएनकाई (05),नत्थाकन चैंथम (04), सोर्ननारिन टिप्पोच (05) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रेणुका सिंह ने चनिदा सुथिरुआंग (01) को आउट कर थाईलैंड का स्कोर 4 विकेट पर 21 रन कर दिया। यहां से कप्तान नरुमोल चायवाई (21) और नट्टया बूचथम (21) पारी को संभालने की कोशिश की और टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 63 के कुल स्कोर पर स्नेह राणा ने बूचथम को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद थाईलैंड के बल्लेबाज एक-एक कर पवेलियन लौट गए। थाईलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 74 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा ने तीन, राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2 और रेणुका सिंह, स्नेह राणा व शेफाली वर्मा ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली वर्मा (42), जेमिमाह रोड्रिगेज (27) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (36) की बेहतरीन पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 148 रन बनाए। इस मुकाबले में टॉस जीतकर थाईलैंड ने भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने तेज शुरूआत दिलाई और 4.2 ओवर में 38 रन जोड़े इसी स्कोर पर पहन्निता माया ने मंधाना (13) को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद जेमिमाह रोड्रिगेज और शेफाली ने भारत का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 67 के कुल स्कोर पर सोर्ननारिन टिप्पोच ने शेफाली को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। शेफाली ने 28 गेंदों में 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत 42 रन बनाए। शेफाली के आउट होने के बाद इनफॉर्म जेमिमाह ने कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। 109 के कुल स्कोर पर जेमिमाह 27 बनाकर थिपाचा पुथावोंग की गेंद पर आउट हो गईं। रिचा घोष ज्यादा कुछ नहीं कर सकीं और केवल 2 रन बनाकर टिप्पोच का शिकार बनीं। 135 के कुल स्कोर पर टिप्पोच ने कप्तान हरमनप्रीत कौर को आउट कर अपनी टीम को बड़ी सफलता दिलाई। हरमनप्रीत ने 30 गेंदों में 4 चौकों की बदौलत 36 रन बनाए। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर नट्टया बूचथम ने दीप्ति शर्मा को आउट कर भारत को छठा झटका दिया। पूजा वस्त्राकर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। थाईलैंड की तरफ से सोर्ननारिन टिप्पोच ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। टिप्पोच के अलावा नट्टया बूचथम, थिपाचा पुथावोंग और पहन्निता माया ने 1-1 विकेट लिया। बता दें कि भारत ने अब तक 6 बार इस टूनामेंट का खिताब जीता है और पिछले संस्करण में भारतीय टीम उपविजेता रही थी। बांग्लादेश ने भारत को हराकर पिछले संस्करण का खिताब जीता था।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप : चाइना पीआर, स्पेन और जापान ने दर्ज की जीत




**नवी मुंबई, (हि.स.)।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के दूसरे दिन बुधवार को चाइना पीआर, स्पेन और जापान ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की, जबकि कनाडा और फ्रांस के बीच मैच 1-1 से ड्रा रहा। बुधवार को चाइना पीआर ने मैक्सिको को 2-1 से, वहीं स्पेन ने कोलंबिया को 1-0 से और जापान ने तंजानिया को 4-0 से हराया। ग्रुप सी के पहले मैच में मैक्सिको और चीन पीआर का सामना इस प्रतियोगिता में दूसरी बार हुआ। इससे पहले दोनों टीमों की भिड़ंत 2014 में हुई थी, जहां मैक्सिको ने 4-0 से जीत हासिल की थी। मैक्सिको ने इस मैच में भी उसी प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की, लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली। मैच के 49वें मिनट में रुइकी कि याओ ने पेनल्टी को गोल में बदल कर चाइना को 1-0 से आगे कर दिया। मेक्सिको ने बराबरी पर जोर दिया लेकिन कई बार मौका मिलने के बावजूद उन्हें सफलता नहीं मिली। मैच के 90वें मिनट में जिंग्यु यू ने गोल कर चाइना की बढ़त 2-0 कर दी।

मेक्सिको के लिए अतिरिक्त समय में गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके बाद ग्रुप सी का दूसरा मुकाबले स्पेन और कोलंबिया के बीच खेला गया। इस मुकाबले को स्पेन ने 1-0 से जीता। मैच का एकमात्र गोल जोन अमेजागा मार्टिनेज ने मैच के 85वें मिनट में किया। इसके बाद ग्रुप डी के पहले मुकाबले में कनाडा का सामना फ्रांस से हुआ। यह मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा। इस मुकाबले में कनाडा के लिए अन्नाबेल चुक्वु ने मैच के 67वें मिनट में गोल किया, जबकि फ्रांस के लिए 73वें मिनट में लुसिया काल्बा ने गोल किया। ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में जापान ने तंजानिया को 4-0 से हराया। जापान के लिए उनो शिरागाकी (33'), माओ इतामुरा (67'), अई सुजासावा (75') और मोमोको तनिकावा (81') ने गोल किया।

# डिस्कस थ्रोअर कमलप्रीत पर लगा तीन साल का प्रतिबंध




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विश्व एथलेटिक्स की डोपिंग रोधी संस्था एथलेटिक्स इंटिग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने डोपिंग का दोषी पाये जाने के कारण भारतीय डिस्कस थ्रोअर कमलप्रीत कौर पर तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। एआईयू के अनुसार कमलप्रीत प्रतिबंधित पदार्थ स्टेरॉयाड की जांच में दोषी पायी गयी हैं। एआईयू ने कहा कि प्रतिबंध की अवधि में कमलप्रीत ने जो भी खिताब जीते हैं वह मान्य नहीं रहेंगे। कमलप्रीत के खिलाफ प्रतिबंध की अवधि 29 मार्च 2022 से शुरू मानी जाएगी। टोक्यो ओलंपिक में उसे छठा स्थान मिला था। इससे पहले जांच एजेंसी ने इस खिलाड़ी को जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। वहीं अब वह डोपिंग की दोषी पाई गई हैं, जिसके बाद उन पर तीन साल की पाबंदी लगायी गयी है। गौरतलब है कि एआईयू विश्व एथलेटिक्स द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र निकाय है। उसने इससे पहले कमलप्रीत को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए कहा था। कमलप्रीत ने पिछले साल पटियाला में 66.59 मीटर चक्का फेंककर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले साल 2018 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 61.04 मीटर का रहा था। पटियाला में राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ पहले स्थान पर रहीं कमलप्रीत ने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

# राष्ट्रीय खेल में बिहार को नहीं मिला पदक, क्रीड़ा भारती ने उठाया बड़ा सवाल

**बेगूसराय, (हि.स.)।** राष्ट्रीय खेल में बिहार को एक भी पदक नहीं मिलने पर क्रीड़ा भारती ने व्यवस्था पर बड़ा सवाल उठाया है। खेल क्षेत्र में ग्रामीण स्तर से खेल प्रतिभा को खोजने एवं निखारने में लगे सबसे बड़े गैर सरकारी संगठन क्रीड़ा भारती के उत्तर बिहार प्रांत मंत्री अमित ठाकुर ने कहा है कि बिहार की इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए खेल विभाग जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बिहार की स्थिति गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेल से स्पष्ट हो गई है। हम एक भी स्वर्ण पदक ही नहीं, रजत पदक भी नहीं जीत पाए। खेल के प्रति प्रयास को गहरा धक्का लगा है, यदि अब भी सही कदम नहीं उठाया तो बिहार स्थिति और बदतर होगी। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा भारती बिहार के इस निराशाजनक प्रदर्शन से हतप्रभ है। खेल मंत्रालय अभी भी अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जागी तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि देर से ही सही खेल मंत्रालय को इस लचर प्रदर्शन पर समीक्षा करने की आवश्यकता है। खेल मंत्रालय अविलंब सभी जिला प्रशासन को स्टेडियमों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निर्देशित करे। बिहार में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, यदि बिहार सरकार खानापूर्ति नहीं कर वास्तव में खेल के प्रति प्रतिबद्धता से प्रयास करे, खिलाड़ियों को समुचित संसाधन उपलब्ध कराए, प्रोत्साहित करे तो हमारी स्थिति बदल सकती है। प्रांत मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में खेल के साथ शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। क्रीड़ा भारती सभी खेल संघों से भी आह्वान करती है कि बिहार में खेल प्रतिभा खोज के लिए सब मिलकर सरकार को सहयोग करें, तभी यह तस्वीर बदलेगी। आवश्यकता है कि सभी सांसद एवं विधायक अपने-अपने निधि से ही कुछ कारगर उपाय करें, जिससे बिहार भी खेल पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करे।

# चैंपियंस लीग : मोहम्मद सालाह के हैट्रिक की बदौलत लिवरपूल ने रेंजर्स को 7-1 से हराया



**लंदन, (हि.स.)।** स्थानापन्न मोहम्मद सालाह के हैट्रिक की बदौलत लिवरपूल ने चैंपियंस लीग मुकाबले में रेंजर्स को 7-1 से हरा दिया। इस मुकाबले में रेंजर्स ने अच्छी शुरूआत की। मैच के 17वें मिनट में स्कॉट अरफील्ड ने गोल कर रेंजर्स को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि रेंजर्स की यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रही और मैच के 24वें मिनट में रॉबर्टो फि रमिनो ने एक बेहतरीन गोल कर लीवरपूल को 1-1 से बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में लिवरपूल स्पष्ट रूप से बेहतर टीम थी। हाफ टाइम के ब्रेक के दस मिनट बाद, मैच के 55मिनट में फि रमिनो ने गोमेज के सटीक लो क्रॉस पर बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। मैच के 66वें मिनट में ड्राविन ननेज ने एक और गोल कर लीवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। इसके बाद सालाह, स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे 75वें, 80वें और 81वें मिनट में तीन गोल कर लीवरपूल की बढ़त 6-1 कर दी। मैच खत्म होने के 3 मिनट पहले 87वें मिनट में इलियॉट हार्वी ने एक और गोल कर लीवरपूल को 7-1 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही लिवरपूल अब ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है और उसे नॉक आउट चरण में प्रवेश करने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत है।

# मलिंगा की तरह आगे बढ़ रहे हसरंगा : जयवर्धने

**मेलबर्न (ईएमएस)।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने टीम के स्पिनर वानिंदु हसरंगा की जमकर प्रशंसा की है। जयवर्धने ने कहा कि वह पूर्व तेज गेंदबाज लसित मलिंगा की तरह ही आगे बढ़ रहे हैं। हसरंगा ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले गए टी20 विश्वकप में सबसे ज्यादा 16 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने एशिया कप में अच्छी बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी की थी। जयवर्धने ने कहा, जिस तरह से हसरंगा ऊपर आये हैं उससे उनका उदय काफी कुछ मलिंगा जैसा लगता है। उनका रहन-सहन भी मलिंगा की तरह ही है।' उन्होंने कहा, हसरंगा की क्रिकेट में प्रगति भी बहुत हद तक वैसी ही है जैसे कि मलिंगा की थी। सबसे अहम बात है कि जब वह मैदान पर पहुंचते ही मलिंगा की तरह आक्रमक बन जाते हैं।

मुझे उनकी यह बात बहुत अच्छी लगती है।' हसरंगा ने एशिया कप में 9 विकेट लेने के साथ ही 66 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी कारण वह टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने थे।

# आईसीसी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कॉन्वे पांचवें स्थान पर पहुंचे



**दुबई (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान शीर्ष पर हैं। त्रिकोणीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के कारण न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे दो स्थान के लाभ के साथ ही शीर्ष पांच खिलाड़ियों में पहुंच गये हैं। रिजवान के अभी 853 अंक हैं। वहीं दूसरे नंबर पर चल रहे सूर्यकुमार के 838 अंक हैं। न्यूजीलैंड में जारी टी20 सीरीज में बांग्लादेश और पाकस्तान के खिलाफ कॉन्वे का शानदार प्रदर्शन रहा है। 4 मैचों में इस बल्लेबाजी ने 219 रन बना चुके हैं. जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे जबकि दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम चौथे स्थान पर बने हुए हैं। इन चारों बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया। वहीं पिछले सप्ताह तक पांचवे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के डाविड मलान अब छठे नंबर पर खिसक गये हैं। वहीं सातवें स्थान पर रहे कॉन्वे दो पायदान की छलांग लगाते हुए पांचवें नंबर पर आ गये हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच छठे से सातवें नंबर पर खिसक गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच छठे से सातवें जबकि श्रीलंका के पथुम निशंका आठवें, यूएई के मुहम्मद मसीम नौवें और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक दसवे नंबर पर फिसल गये हैं।




नवी मुम्बई में फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप फुटबॉल में मैक्सिको के खिलाफ मैच में खेलती हुई चीन की हुआंग जियाक्सिन। (फोटो-ईएमएस)

# टी-20 विश्व कप के बाद भारत के पास एक नई टीम होगी : रवि शास्त्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए घोषित भारतीय टीम में अब तक के बल्लेबाजों का सबसे अच्छा समूह देखा है। साथ ही उन्होंने कहा कि टूनामेंट के बाद भारत के पास एक नई टीम होगी। जब शास्त्री पिछले साल टी 20 विश्व कप में भारतीय टीम के कोच थे, तब टीम ने पांच में से सिर्फ तीन मैच जीते और टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में आगे बढ़ने में विफल रही। सूर्यकुमार यादव का हालिया प्रदर्शन और अनुभवी फिनिशर दिनेश कार्तिक के मध्य क्रम में फिर से शामिल होने के साथ, भारत की बल्लेबाजी लाइन-अप अब और अधिक स्थिर दिखाई दे रही है। चोट के कारण प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद, शास्त्री को लगता है कि भारत के बल्लेबाज इस बार टीम को सेमीफाइनल में पहुंचा सकते हैं। आईसीसी ने रवि शास्त्री के हवाले से कहा, "मैं पिछले छह-सात वर्षों से सिस्टम का हिस्सा रहा हूं, पहले एक कोच के रूप में और अब मैं बाहर से देख रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह उतना ही अच्छा लाइन-अप है जितना कि टी 20 क्रिकेट में भारत का था। मैं इस विश्व कप के बाद भारत के पास एक नई टीम देख रहा हूं। हालांकि भारत की फील्डिंग से शास्त्री थोड़े चिंतित हैं। पूर्व कोच ने कहा कि पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीम को इस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, "एक क्षेत्र जिसे भारत को शुरूआत से ही चुनना और शुरू करना होगा, वह है क्षेत्ररक्षण।" शास्त्री ने कहा, "उन्हें कड़ी मेहनत करने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की आवश्यकता है जब टीम पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में उतरेगी और 15-20 रन बचाएगी तभी अंतर आ सकता है, नहीं तो हर बार जब आप बल्लेबाजी करने के लिए उतरेंगे तो आपको 15-20 रन अतिरिक्त बनाने होंगे।" शास्त्री ने कहा, "ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें क्षेत्ररक्षण में बेहतरीन हैं। श्रीलंका ने एशिया कप में क्षेत्ररक्षण की बदौलत पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता।" बता दें टी 20 विश्व कप में भारत का पहला मैच 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ है।

DELHI CRIME 14 oct 2022:Layout 1 10/13/2022 8:25 PM Page 7



# गुजरात गौरव यात्रा का प्रारंभ कराते हुए अमित शाह ने कहा- कांग्रेस को दोबारा मौका ना देना



**अहमदाबाद (ईएमएस)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अहमदाबाद जिले के झांझरका से भाजपा की गुजरात गौरव यात्रा का प्रारंभ कराते हुए लोगों से कहा कि कांग्रेस को दोबारा मौका ना मिले इसका ध्यान रखनो विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस गौरव यात्रा का श्रेय गुजरात की जनता को जाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 20 साल जनता ने भरोसा किया, उसे भाजपा ने उसे पूर्ण कर गुजरात को समग्र देश में नंबर वन पर पहुंचा दिया। उसका गौरव और गुजरात की जनता के प्रति धन्यवाद की यह यात्रा है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि उसकी सरकार ने गुजरात को केवल दंगे-फसाद दिए थे। इसलिए कांग्रेस को फिर से मौका ना मिले इसका गुजरात के लोगों को ध्यान रखना होगा। गुजरात की जनता ने भाजपा पर दो दशक से भी अधिक समय तक विश्वास किया है और उसमें राज्य में कर्फ्यू का नाम नहीं सुना गया। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी गुजरात की जनता भाजपा पर भरोसा करे। अमित शाह ने गुजरात में फिर एक बार भाजपा सरकार बनने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कहा कि गौरव यात्रा के जरिए भाजपा ने अपने कामकाज का हिसाब देगी। बता दें कि गुजरात चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा ने गौरव यात्रा शुरू की है। बीते दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मेहसाणा के बहुचराजी से पहली गौरव यात्रा का प्रारंभ कराया था। दूसरी यात्रा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के नेतृत्व में द्वारका से प्रारंभ हुई थी। गुरुवार को अमित शाह ने अहमदाबाद के झांझरका गौरव यात्रा को प्रारंभ कराया। यह यात्रा झंझरका से सोमनाथ तक जाएगी। यात्रा के प्रारंभ होने के अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत पार्टी नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस यात्रा में केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, अर्जुन राम मेघवाल, गजेन्द्रसिंह शेखावत, गिरीराजसिंह, पुरुषोत्तम रूपाला, नरेन्द्रसिंह तोमर भी शामिल होंगे। इसके बाद अमित शाह नवसारी जिले से दो गौरव यात्राओं का प्रारंभ कराएंगे। जो ऊनाई से फागवेल और ऊनाई से अंबाजी तक भ्रमण करेगी।

## आप के गुजरात अध्यक्ष गोपाल इटालिया दिल्ली पुलिस की हिरासत में

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के गुजरात प्रमुख गोपाल इटालिया को दिल्ली ने पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने गोपाल इटालिया को दिल्ली तलब किया था। गोपाल इटालिया के साथ बड़ी संख्या में आप के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और हंगामा करने लगे। महिला आयोग ने स्थिति को देखते हुए तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस महिला आयोग के दफ्तर पर पहुंच गई और गोपाल इटालिया को हिरासत में ले लिया। बता दें कि गोपाल इटालिया ने पीएम मोदी के खिलाफ एक नहीं कई बार आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सिर्फ वीडियो बनाया था।

वीडियो सामने आने के बाद महिला आयोग ने इसका संज्ञान लेते हुए गोपाल इटालिया को जवाब तलब किया था। आज हिरासत में लेने से पहले भी गोपाल इटालिया ने एक ट्वीट किया था, जिसमें कहा था कि महिला आयोग की चीफ मुझे जेल में डालने की धमकी दे रही हैं। मोदी सरकार पटेल समाज को जेल के अलावा और दे ही क्या सकती है। भाजपा को पाटीदार समाज से नफरत है। मैं सरदार पटेल का वंशज हूं जो तुम्हारी जेल से नहीं डरता डाल दो मुझे जेल में। इटालिया ने आगे लिखा उन्होंने पुलिस बुला ली है और मुझे धमकाया जा रहा है। इटालिया के ट्वीट के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के चीफ अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर सवाल किया और कहा पूरी भाजपा गोपाल इटालिया के पीछे क्यों पड़ गई है?

## सिद्धू मूसेवाला की रेकी करने वाला अमृतसर हवाई अड्डे से गिरफ्तार

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की रेकी करने वाले उसके पड़ोसी को गुरुवार की सुबह अमृतसर हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। वह यहां से दुबई भागने की फिराक में था। अमृतसर पुलिस ने इस बारे में मानसा पुलिस को भी सूचित कर दिया है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में उसके पड़ोसी जगतार सिंह पर मूसेवाला की रेकी करने के आरोप हैं। गांव मूसा निवासी जगतार सिंह सिद्धू मूसेवाला का ही रिश्तेदार है। वह मूसेवाला का चचेरा भाई लगता है। आरोप हैं कि जगतार ने ही रेकी करके लॉरेंस गैंग को सिद्धू मूसेवाला के बारे में जानकारियां दी थी। उसके खिलाफ मानसा पुलिस की तरफ से लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। वह आज सुबह दुबई जाने वाली फ्लाइट पकड़ने के लिए अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचा तो इमिग्रेशन अधिकारियों ने पासपोर्ट व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान उसको पकड़ लिया। उसे अमृतसर एयरपोर्ट थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।

## उप्र में नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022 को मिली मंजूरी



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में निवेश आकर्षित करने और तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन अंगीकरण प्रोत्साहन के निमित्त नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022 को मंजूरी दी गई। नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में स्वच्छ मोबिलिटी संसाधनों के त्वरित वर्गीकरण को बढ़ावा देना और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन करना है। इलेक्ट्रानिक वाहनों को 15 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। पहले दो लाख दो पहिया वाहनों पर छूट मिलेगी। दो पहिया वाहनों पर पांच हजार रुपये की छूट मिलेगी। पहले 50 हजार तीन पहिया वाहनों पर छूट दी जाएगी। तीन पहिया वाहनों पर 12 हजार की छूट मिलेगी। वहीं पहले 25 हजार चार पहिया वाहनों को भी छूट दी जाएगी।

चार पहिया वाहनों पर एक लाख की छूट मिलेगी। इसके अलावा कैबिनेट में पर्यटन विभाग से जुड़े दो प्रस्ताव पास हुए हैं। मथुरा में शनि परिक्रमा मार्ग बनेगा। यह परिक्रमा मार्ग कोसीकला में बनेगा। 73 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। एक लाख मीट्रिक टन मक्का, 50 हजार मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जाएगी। नये क्रय केंद्र खुलेंगे। 25 ज़िलों में मक्का और 18 ज़िलों में बाजरा क्रय केंद्र खोले जाएंगे। कैबिनेट बैठक के बाद संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रेस वार्ता कर कैबिनेट के पारित प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी।

## कर्जे से सुधरेगी मध्य प्रदेश की सड़कें



**भोपाल (ईएमएस)।** अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होना है। इस वर्ष की बारिश ने सड़कों की हालत काफी खराब कर दी है। मध्य प्रदेश सरकार ने 50 वर्ष की लंबी अवधि का सड़क निर्माण के लिए 1373 करोड रुपए का निर्णय लिया है। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग ने 109 निमार्णाधीन सड़कों का निर्माण जुलाई 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने 1373 करोड रुपए का बजट भी स्वीकृत कर दिया है। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है, अपूर्ण सड़क निर्माण के कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर करें। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि 2022-23 के लिए वित्त मंत्रालय ने 1373.27 लाख रुपए की ऋण मंजूरी दी है। इस राशि से सड़कों का निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार को यह ऋण 50 वर्षों में वापस करना है।

## चुनाव आयोग पर ठाकरे समूह ने लगाया भेदभाव का आरोप, भेजा पत्र




**मुंबई, (हि.स.)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी) ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर भेदभाव का गंभीर आरोप लगाते हुए चार पेज का पत्र भेजा है। इस पत्र में ठाकरे समूह को पार्टी के चुनाव चिह्न और नाम के आवंटन में पक्षपात का आरोप लगाया गया है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की नेता किशोरी पेडणेकर ने बताया कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहा है। हम जो भी कागजपत्र चुनाव आयोग को सौंप रहे हैं, वह सभी कागज चुनाव आयोग हमारे विरोधी समूह तक पहुंचा रहा है। विरोधी समूह की ओर से दिए गए कागजपत्र की जानकारी चुनाव आयोग हमें नहीं दे रहा है। इतना ही नहीं चुनाव आयोग हमें कोई भी कागजपत्र तत्काल देने का आदेश जारी करता है, जबकि हमारे विरोधी को कागज पत्र पेश करने के लिए समय दिया जाता है। हमारा विरोधी समूह कोई भी चुनाव नहीं लड़ रहा है, जबकि उसे उस-की मांग के अनुसार चुनाव चिह्न और नाम आवंटित कर दिए गए, जबकि इसमें भी हमारे साथ अन्याय किया गया है। बताया जा रहा है कि इन सभी 12 मुद्दों को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने अपने पत्र में शामिल किया है और यह पत्र शिवसेना के वकील ने दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय में पेश कर दिया है। इस संबंध में बालासाहेब की शिवसेना के नेता शंभूराजे देसाई ने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है। इसके कामकाज पर इस तरह सवाल खड़ा नहीं किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को उनकी मांग के अनुसार ही चुनाव चिन्ह और नाम दिया है।

## प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी पहुंचे बद्री-केदार, की पूजा-अर्चना



**गुप्तकाशी/ उत्तरकाशी, (हि.स.)।** प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने गुरुवार को बदरीनाथ और केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की। भगवान बदरी-विशाल और बाबा केदार से विश्व कल्याण की प्रार्थना की। आज सुबह अंबानी हेलीकॉप्टर से पहले बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंचे, यहां पर पूजा-अर्चना और बाबा बदरीविशाल के आशीर्वाद प्राप्त किया।। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से सीधे केदारनाथ धाम पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा केदार की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान बदरी-केदार मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी सहित पूरी टीम ने मुकेश अंबानी का भव्य स्वागत किया। अंबानी ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के लिए ढाई-ढाई करोड़ रुपये दान दिए। अंबानी परिवार का भगवान बदरीविशाल और बाबा केदार में अटूट आस्था है। वह हर साल भगवान के दर्शनों को यहां पहुंचते हैं। साथ ही मंदिर समिति को दान स्वरूप भेंट प्रदान करते हैं। गौरतलब है कि देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी अपने सहयोगियों के साथ आज सुबह करीब सात बजे अपने विशेष विमान से देहरादून के जोलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वे एयरपोर्ट से सुबह आठ बजे विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम पहुंचे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर गोरखपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 15 अक्टूबर से

### -महाराणा प्रताप महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जुटेंगे देशभर के विद्वान



**गोरखपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के जंगल धूसड़ स्थित महाराणा प्रताप महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर 15 एवं 16 अक्टूबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें देशभर के विद्वान शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन महा-विद्यालय के बीएड विभाग और उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन समिति की संयोजक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय में बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह के मुताबिक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उसका कार्यान्वयन विषय पर केंद्रित इस संगोष्ठी में दो दिनों तक 21 विभिन्न उप विषयों पर देश के ख्यातिलब्ध विद्वान अपने शैक्षिक अनुभव को परस्पर साझा करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में संगोष्ठी के निष्कर्ष को व्यावहारिक रूप में लागू भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह, भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ पर्सियन एंड सेंट्रल एशियन स्टडीज के प्रो. मजहर आसिफ, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस नई दिल्ली के डायरेक्टर डॉ रामानंद, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के प्रो आशीष श्रीवास्तव (डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन), शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में शिक्षा संकाय की डीन प्रो. रजनी रंजन सिंह, भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो. राजशरण शाही समेत कई शिक्षा-विदों का मार्गदर्शन संगोष्ठी में प्राप्त होगा। नगालैंड केंद्रीय विश्वविद्यालय कोहिमा में शिक्षा विभाग के प्रो. ज्ञानेंद्र नाथ तिवारी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो. पूनम टंडन राष्ट्रीय संगोष्ठी में वर्चुअल जुड़कर अपने विचार व्यक्त करेंगी। बकौल शिप्रा सिंह, किसी भी नीति की प्रभावशीलता उसके कार्यान्वयन पर निर्भर करती है। इस परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक भारत की पुनर्प्रतिष्ठा के उद्देश्यों के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को संपूर्णता की ओर अग्रसर करने के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी में गहन विचार विमर्श किया जाएगा। इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा से लेकर वैश्विक स्तर भारत की भूमिका जैसे कुल 21 उप विषयों पर शोध प्रपत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे।


## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला**

## सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

## उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**



**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

**8375000672**



## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-

Visiting Card Size Advertisements:

Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-

Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 14 oct 2022:Layout 1 10/13/2022 8:25 PM Page 8



# जानी -मानी गायिका श्रेया घोषाल मनाएगी जश्न

## - संगीत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की करेंगी शुरूआत



**मुंबई (ईएमएस)।** संगीत उद्योग में दो दशक पूरा करने का जानी मानी पाश्र्व गायिका श्रेया घोषाल जश्न मनाएगी। श्रेया घोषाल संगीत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की शरूआत करेंगी। 'अमी जे तोमार', 'बहरा' और 'चिकनी चमेली' जैसे हिट गानों के लिए पहचान रखने वाली श्रेया 16 अक्टूबर तक 5 शहरों के ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड दौरे में, 29 अक्टूबर को आयरलैंड में और 30 अक्टूबर को नीदरलैंड में परफॉर्म करेंगी। इसके अलावा, वह 4 नवंबर 2022 से 19 नवंबर तक यूएसए में भी परफॉर्म करेंगी। अमेरिकी दौरे के बारे में बात करते हुए, श्रेया घोषाल ने कहा, "यह अमेरिकी दौरा मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि मैं बॉलीवुड में बीस साल पूरे कर रही हूं, और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी यात्रा का जश्न मनाने का यह कितना सुंदर तरीका है। महामारी के बाद संयोग से, यह मेरा यूएस का पहला दौरा है।" हाई-प्रोफाइल म्यूजिक कॉन्सर्ट में पूरे अमेरिका में सात-शहरों का दौरा होगा। दौरे का यूएस चरण 4 नवंबर को न्यू जर्सी में शुरू होगा, इसके बाद 5 नवंबर को डलास, टेक्सस, 11 नवंबर को वाशिंगटन डीसी, 12 नवंबर को ओकलैंड बे एरिया, 13 नवंबर को लॉस एंजिल्स, 18 नवंबर को फ्लोरिडा और 19 नवंबर, 2022 को न्यूयॉर्क में समाप्त होगा। श्रेया ने आगे कहा, "मैं कॉन्सर्ट का हिस्सा बनने और अपने प्रशंसकों का मनोरंजन जारी रखने के लिए आभारी हूं। मेरा अमेरिका में परफॉर्म करने का पिछला अनुभव शानदार रहा है और तीन साल के बाद वहां परफॉर्म करने के लिए मैं काफी उत्साहित हूं।"

# 'राम सेतु' के दो मिनट लंबे ट्रेलर का अनावरण किया

## -अक्षय कुमार की आगामी फिल्म है राम सेतु




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म 'राम सेतु' के निमार्ताओं ने दो मिनट से अधिक लंबे ट्रेलर का अनावरण किया, जहां अक्षय अपने चरित्र को एक प्राचीन खजाना होने का दावा करते हुए सहेजते दिख रहे हैं। 'दुनिया में श्री राम के लाखों मंदिर हैं पर सेतु सिरफ एक ऐसी पंक्ति है जिसे अभिनेता अक्षय कुमार को 'राम सेतु' के ट्रेलर में पानी पर चलते हुए कहते हुए सुना जाता है। रामायण में भगवान राम द्वारा निर्मित एक पुल, इसकी शुरूआत उस कहानी की व्याख्या से होती है जहां प्रतिपक्षी 'राम सेतु' को नष्ट करना चाहता है। एक्शन-एडवेंचर से भरे इस वीडियो में अक्षय को ट्रेलर के अंत में पानी पर चलते हुए भी दिखाया गया है। जैकलीन फर्नांडीज और नुसरत भरुचा की उपस्थिति पलक झपकते ही नजर आती है। 'राम सेतु' अभिषेक शर्मा द्वारा निर्देशित और केप ऑफ गुड फिल्म्स द्वारा सह-निर्मित है, अमेजॅन प्राइम वीडियो, अबुदंतिया एंटरटेनमेंट और लाइका प्रोडक्शंस के साथ। यूटयूब पर दिए गए विवरण के अनुसार, फिल्म एक नास्तिक पुरातत्वविद् के बारे में है, जो आस्तिक बन गया है, जिसे भारत की विरासत के स्तंभ को बुरी ताकतों से नष्ट करने से पहले पौराणिक राम सेतु के अस्तित्व को साबित करने के लिए समय के खिलाफ दौड़ना होगा। ट्विस्ट और टर्न की एक मजबूत सेवा के साथ एक एक्शन एडवेंचर, राम सेतु दर्शकों को बांधे रखने और मनोरंजन करने का वादा करता है, जिससे यह सिनेमाघरों में पूरे परिवार के साथ आनंद लेने के लिए एक आदर्श उत्सव फिल्म बन जाती है।

# 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' में नजर आएंगे पाक कलाकार

## -फिल्म में एक्टर फवाद और एक्ट्रेस माहिरा आएगी नजर

**मुंबई (ईएमएस)।** पाक एक्टर फवाद खान जल्द ही 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' में पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान के साथ नजर आएंगे और यह 13 अक्टूबर को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। पंजाबी भाषा की फिल्म, जो पाकिस्तानी सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े बजट में से एक है, यूनुस मलिक की 1979 की कल्ट क्लासिक 'मौला जट्ट' का रीबूट है। फिल्म स्थानीय नायक मौला जट्ट और एक क्रूर गिरोह के नेता नूरी नट के बीच पौराणिक प्रतिद्वंद्विता पर केंद्रित है। फवाद खान, 'खूबसूरत', 'कपूर एंड संस' और 'ऐ दिल है मुश्किल' जैसी भारतीय फिल्मों में काम किया है, ने बॉलीवुड में काम करने के बारे में बात की। फिल्म के बारे में फवाद खान ने वैरायटी से कहा, "'मौला जट्ट' को हमेशा पाकिस्तानी मीडिया में एक पंथ का दर्जा प्राप्त था और इस वजह से, हमने स्पष्ट रूप से इसके बारे में सुना था और जिन्होंने संवाद के बारे में नहीं सुना था। जब लशारी ने खान से संपर्क किया, तो यह एक रीमेक के विचार के साथ था और तभी अभिनेता ने मूल को ठीक से देखा। खान कहते हैं, "जिन अभिनेताओं ने उस फिल्म को बनाया सुल्तान राही और मुस्तफा कुरैशी, वे उद्योग के बहुत बड़े दिग्गज थे।" आगे खान ने कहा, "आधुनिक सिनेमा के लिए उनके अभिनय को एक प्रभाव के रूप में लेना थोड़ा संदर्भ से बाहर हो सकता है और उनके लिए सभी सम्मान, लेकिन हमने महसूस किया कि ये बहुत बड़े जूते भरने के लिए थे और इसलिए शायद हमें कुछ करने का प्रयास करना चाहिए।" 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' को आखिरकार रीमेक के बजाय रीबूट के रूप में डिजाइन किया गया था। फवाद खान ने बॉलीवुड फिल्म 'खूबसूरत' और 'कपूर एंड संस' में मुख्य भूमिकाओं के तौर पर काम किया है। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तानी अभिनेताओं और संगीतकारों को भारत में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया और 'ऐ दिल है मुश्किल' (2016) उनकी आखिरी बॉलीवुड फिल्म थी। तो क्या फवाद वापस जाकर बॉलीवुड में काम करना चाहेंगे? इस पर खान ने कहा, "जिन लोगों को मैंने जाना और जिस तरह के लोगों के संपर्क में आया, उनके साथ सहयोग बहुत अच्छा अनुभव था और मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया। राजनीतिक गिरावट (भारत और पाकिस्तान के बीच) ने हमारे संबंधों को प्रभावित नहीं किया है, लेकिन यह निश्चित रूप से बना है हम इस तरह के सवाल का जवाब देने से बहुत सावधान हैं।" खान ने कहा, "इसी तरह, अगर मुझे भारत में काम करना होता और पाकिस्तान वापस आना होता, तो मुझे इसका परिणाम भुगतना पड़ता कि लोग या सरकार या जो भी निकाय इसमें शामिल हैं, वे इसके बारे में क्या सोचते हैं।" "लेकिन अन्यथा, मेरा उन लोगों के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है, जिनके साथ मैंने काम किया है और बहुत अच्छे दोस्त बनाए हैं। मैं किसी दिन उन्हें फिर से देखना पसंद करूंगा और शायद उनके साथ फिर से काम करूंगा। चाहे वह एक अंतरराष्ट्रीय मंच के लिए हो, एक पाकिस्तानी मंच के लिए हो या एक भारतीय मंच के लिए।"

# करण जौहर ने किया ट्विटर छोड़ने का ऐलान



फिल्म निर्माता करण जौहर ने ट्विटर को अलविदा कह दिया, क्योंकि वह और अधिक समय सकारात्मक ऊर्जा में बिताना चाहते हैं। करण जौहर ने अपने प्रशंसकों और अनुयायियों के साथ खबर साझा करने के लिए टिवटर का सहारा लिया। जिस पर करण ने लिखा, केवल अधिक सकारात्मक ऊर्जा के लिए जगह बनाना और यह उस दिशा में एक कदम है। अलविदा ट्विटर !"यह स्पष्ट नहीं है कि करण ने यह कदम क्यों उठाया। लेकिन इस बात से कोई अंजान नहीं है, कि फिल्म निमार्ता को अक्सर उनकी फिल्मों और कास्टिंग को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रोल किया जाता रहा है। हाल ही में करण जौहर ने हाल ही में डिज्नी प्लस होस्टार पर 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन को समाप्त किया। इसके अलावा वह इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में व्यस्त हैं। फिल्म में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, जया बच्चन, शबाना आजमी और धर्मेंद्र हैं मुख्य भूमिकाओं नें नजर आएंगे।

# फुकरे के बाद फोन भूत लेकर आए फरहान

## -फिल्म का ट्रेलर देखते ही चेहरे पर आई मुस्कान




**मुंबई (ईएमएस)।** फुकरे नामक फिल्म के बाद बालीवुड प्रोडयूसर फरहान अख्तर एक और फिल्म लेकर आए हैं जिसका नाम है फोन भूत। यह फिल्म आगामी 4 नवम्बर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म का ट्रेलर आज जारी किया गया है। ट्रेलर आते ही यूट्यूब पर छा गया है। इसके साथ ही यह सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म में कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जैकी श्रॉफ नजर आएंगे। इस फिल्म में जहां सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर भूत बस्टर का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं तो वहीं कटरीना कैफ भूतनी बनकर सबके दिलों को जीत रही हैं। फिल्म में कैटरीना, ईशान और सिद्धांत की तिकड़ी दर्शकों को काफी लुभा रही है। वहीं फोन भूत में जैकी श्रॉफ खलनायक के किरदार में नजर आ रहे हैं। गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर रहा है।

फोन भूत की बात करें तो कैटरीना कैफ इस फिल्म में ऐसी भूत बनी हैं, जो आत्माओं को मोक्ष दिलाने के लिए ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की मदद लेती हैं। गौरतलब है कि फिल्म में ईशान और सिद्धांत के पास एक ऐसी शक्ति है, जिससे वह भूतों को देख सकते हैं। वहीं आत्माराम बने जैकी श्रॉफ, फोन भूत में कैटरीना, ईशान और सिद्धांत को कड़ी टक्कर देंगे। मालूम हो कि फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस पिछले कुछ सालों से फामूर्ला फिल्मों से इतर फिल्मों का निर्माण कर रहा है। कुछ वर्ष पूर्व उन्होंने फुकरे नामक फिल्म बनाई थी, जिसने दर्शकों को अपने साथ जोडऩे में सफलता प्राप्त की थी। जब इस फिल्म का दूसरा भाग आया तो बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त तूफान आया। फिल्म ने 150 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। यह एक हास्य प्रधान फिल्म थी।

# हॉरर-कॉमेडी फिल्म में नजर आएगी हंसिका



अभिनेत्री हंसिका मोटवानी निर्देशक आर. कन्नन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म पर काम एक साधारण पूजा के साथ शुरू हुआ। फिल्म का निर्माण जी. धनंजयन द्वारा किया जा रहा है। यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि कन्नन की आने वाली फिल्म एक नायिका केंद्रित होगी और यह एक भावनात्मक, हॉरर-आधारित कॉमेडी थ्रिलर होगी। फिल्म की मुख्य कहानी का विचार लेखक मा से आया था। एक सूत्र ने कहा, थोलगप्पियन ने कहा कि निमार्ता धनंजयन ने कहानी की पटकथा को कई दिलचस्प तत्वों के साथ विकसित किया है। फिल्म के संवाद गीतकार श्रीनी सेल्वराज ने लिखे हैं।

मेट्रो शिरीष, मयिलसामी, थलाइवासल विजय, ब्रिगेडा और पवन जैसे जाने-माने कलाकार भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जिसे बिना रुके शूट किया जाना है और तीन महीने में पूरा किया जाना है।माना जाता है कि थोलगप्पियन, धनंजयन और श्रीनी सेल्वराज की तिकड़ी ने आर. कन्नन को एक बाध्य लिपि देने से पहले छह महीने से अधिक समय तक इस स्क्रिप्ट विचार पर काम किया था।

# खुशबू सुंदर को भी मिला गोल्डन वीजा



अभिनेत्री, निर्माता और राजनीतिज्ञ खुशबू सुंदर को संयुक्त अरब अमीरात ने अपना प्रतिष्ठित गोल्डन वीजा प्रदान किया है। इस बारे में खुशबू ने सोशल मीडिया पर कहा, "और यहां मैं यूएई सरकार की ओर से अपना सुनहरा उपहार लेकर आई हूं। इतनी देर बाद इसे लेने के लिए क्षमा करें। विनम्र हूं और धन्यवाद।" "और इसे शुरू करने और इसे पूरा करने के लिए ईसीएच और इकबाल मैक्रोनी को बहुत-बहुत धन्यवाद। ईसीएच, दुबई हैशटैग-गोल्डनगर्ल में सभी को धन्यवाद।"वीजा स्वतः नवीनीकृत हो जाता है। यह विभिन्न क्षेत्रों के प्राप्तकर्ताओं, पेशेवरों, निवेशकों और आशाजनक क्षमताओं वाले लोगों को दिया जाता है। खुशबू अकेली ऐसी नहीं हैं जिन्हें गोल्डन वीजा दिया गया है। उनसे पहले कमल हासन, नासिर, ममूटी, मोहनलाल, टोविनो थॉमस, पार्थिएपन, अमला पॉल और शाहरुख खान समेत कई कलाकारों को यह सम्मान मिल चुका है। यूएई गोल्डन वीजा एक दीर्घकालिक निवास वीजा प्रणाली है, जो 5 से 10 वर्षों तक वैध रहती है।

# 'विक्रम वेधा' में दोहरी भूमिका में राधिका आप्टे



फिल्म विक्रम वेधा के पति-पत्नी निर्देशक जोड़ी पुष्कर-गायत्री ने कहा, "हम चाहते थे कि प्रिया की भूमिका निभाने के लिए कोई महान अभिनय कला हो। इसके लिए किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता थी जो विक्रम और वेधा दोनों के लिए खड़ा हो सके। राधिका आप्टे इसके लिए एकदम सही थीं और हमारी पसंद सही साबित हुई। मालूम हो कि हाल ही में रिलीज हुई दो-नायकों वाली फिल्म 'विक्रम वेधा' में बॉलीवुड के स्टार हीरो ऋतिक रोशन और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिकाओं में अभिनय किया, ने अभिनेत्री राधिका आप्टे को फिल्म में कास्ट करने के पीछे के कारण पर खुल कर बात की है। फिल्म में राधिका ने वेधा के वकील और विक्रम की पत्नी की भूमिका निभाई है। विक्रम वेधा' उसी नाम की 2017 की तमिल ब्लॉकबस्टर की आधिकारिक रीमेक है, जिसमें विजय सेतुपति और आर. माधवन ने अभिनय किया था। तमिल फिल्म का निर्देशन भी पुष्कर-गायत्री ने किया था।

## सूडोकु नवताल- 6221

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6220 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्दजाल - 6968

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | क | ल | व | ग | सा | ना | क | प | ल | आ |
| र | ब | ल | न | व | ग | ग | से | म | ल | म |
| त | स | र | ल | र्म | वा | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | ग | पु | न | न | प | न | ली | क |
| यू | क | दो | ग | द | लं | का | ब | ग | झ | क |
| क | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | बू | घ | को |
| लि | अ | दे | व | ना | र | ल | श | र | ल | ल |
| प्ट | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| स | बा | चे | न | पी | प | ल | र | नी | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | म | स्ता |
| गु | ल | मो | ह | र | न | रा | बा | द | प | न |

*शब्द जाल में ऐसे 10 वक्षों के नाम ढूंढिए, जिससे हमें इमारती लकड़ी प्राप्त होती है.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

पीपल, नीम, बरगद, आम, देवनार, बबूल, सागवान, गुलमोहर, सेमल, यूकलिप्टस

### शब्दजाल - 6967 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | ज | य | मां | ज | रे | क | र | अ | झ | क |
| प | ज | ग | प | डी | रिं | पू | ना | जी | शा | सु |
| वि | ज | य | व | सं | जे | दि | श | त | ला | नी |
| वि | कु | र | अ | सी | ब | गां | प | वा | श | ल |
| ज | ति | म | न | ज | म | र | धी | डे | वी | गा |
| य | रं | न | प | व | ट | जा | ऐ | क | प | व |
| ह | र | लां | श | चें | ज | क | फ | र | ल | स्क |
| जा | बा | बा | म | म | क | छ | र | र | श | र |
| रे | स | य | य | व | दि | ने | श | मों | गि | या |
| द | ज | र | प | ति | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| वि | क | सा | गु | ल | मो | ह | म्म | द | प | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5921

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 1 | 4 | 7 | | |
| 6 | 35 | 5 | 30 | | 25 | |
| | | 2 | | | 1 | |
| 1 | 33 | | 31 | 4 | 29 | 2 |
| | 6 | | 1 | 5 | | |
| 4 | 33 | 3 | 31 | 6 | 37 | 6 |
| | | 7 | | | 6 | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5920 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 31 | 1 | 23 | 6 | 32 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 30 | 6 | 33 | 4 | 36 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 35 | 3 | 35 | 7 | 37 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in